30- JULY- BSP- P- 1_Layout 1 7/30/2026 1:10 PM Page 1

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री



जीडीसी के पास मवेशियों का लगा जमावड़ा, परेशान होते रहे लोग।



## खबर संक्षेप

### एएसपी प्रतिभा ने सशस्त्र बल कमांडेंट का लिया चार्ज



**बिलासपुर।** एएसपी प्रतिभा तिवारी ने दूसरी वाहनी सशस्त्र बल कमांडेट का चार्ज ले लिया है। पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय से महासमुंद जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ रहीं प्रतिभा तिवारी की दूसरी बटालियन सकरी में सेनानी कमांडेंट के रूप में तबादला हुआ था। बुधवार को उन्होने सकरी दूसरी बटालियन पहुंचकर सेनानी कमांडेट का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ आऊनर देकर सम्मानित किया गया और अधिकारियों व जवानों के द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया है। इसके पहले वे महासमुंद, मुंगेली जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ थे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट कि वाहिनी में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और जवानों का कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्ति किया कि छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 2 री वाहिनी राज्य की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी मुस्तैदी और समपर्ण के सथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करती रहेगी।

### जिले में 25 मलेरिया मरीज एक्टिव

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग की जांच जैसे बढ़ने लगी है, वैसे ही मलेरिया मरीज भी मिल रहे है। गुरूवार को 3 मरीज कोटा ब्लॉक में मिले है, जिसके बाद जिले में अबतक 25 मरीज सामने आ चुके है। खास बात यह है कि कोटा ब्लॉक में ही मलेरिया के मरीज पाए जा रहे है। गुरूवार को 125 घरों का सर्वे किया गया है।

### 136 टिकिट दलालों से 31.33 लाख रुपए की टिकिट जब्त

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने 136 टिकिट दलालों से 31.33 लाख रुपए की टिकिट जब्त की है। एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में टिकिट दलाली रोकने के लिए आरपीएफ का अभियान चल रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 278 अवैध टिकिट दलालों को गिरफ्तार कर 63.39 लाख रुपए की टिकिट बरामद कर रेलवे एक्ट 143 के तहत कार्रवाई की गई। इस वर्ष में आरपीएफ की टीम ने 136 टिकिट दलालों को पकड़कर 31.3 लाख रुपए की टिकिट जब्त की है।

### मनकठा स्टेशन में रोकी जाएगी साउथ बिहार एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर दुर्ग से आरा के बीच चल रही साउथ बिहार एक्सप्रेस का अस्थायी स्टापेज मनकठा स्टेशन में दिया जाएगा। 30 जुलाई से 28 अगस्त तक 13287 दुर्ग से आरा के बीच चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस मनकठा स्टेशन में 4.11 बजे से 4.13 बजे तक और 30 जुलाई से 28 अगस्त तक 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस मनकठा स्टेशन में 22.37 बजे से 22.39 बजे तक रोकी जाएगी।

### 92 आधुनिक ट्रैक मशीन रेल संरक्षा को दे रही मजबूती

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे करीब 5500 ट्रैक किलोमीटर के विशाल रेल नेटवर्क पर प्रतिदिन 400 से अधिक यात्री एवं मालगाड़ियों का परिचालन कर रहा है। रेलवे में तीसरी व चौथी एवं नई रेल लाइन निर्माण के साथ विद्यमान रेलपथ के अनुरक्षण में ट्रैक मशीनों की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। विशेष रूप से नागपुर से झारसुगुड़ा मुख्य रेलखंड पर 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से रेल परिचालन को ध्यान में रखते हुए ट्रैक अनुरक्षण की आवश्यकता बढ़ गई है। 92 आधुनिक ट्रैक मशीनें रेल पथ अनुरक्षण के लिए कार्यरत है, जिसमें सीएसएम, ड्योमैटिक, एमपीटी, यूनिमेट, बीसीएम, एफआरएम, पीक्यूआरएस, टी-28, बीआरएम, डीजीएस, यूटीवी मशीन के संचालन एवं रखरखाव के लिए 900 प्रशिक्षित कर्मचारी कार्य कर रहे हैं।

# 80 हजार ग्राहकों के ई-केवायसी पेंडिंग, घरेलू कीमत में सिलेंडर देने पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोलह अगस्त तक अपने एलपीजी कनेक्शन का ई-केवायसी नहीं करवाने वाले ग्राहकों को घरेलू कीमतों में रिफिल जारी करने पर रोक लगा दी गई है।

मंत्रालय द्वारा जारी इस आदेश के अंतर्गत सत्रह अगस्त से बगैर ई-केवायसी श्रेणी वाले ग्राहकों को घरेलू कीमत में सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। आज की स्थिति में एचपीसीएल, आईओसीएल एवं भारत गैस को मिलाकर जिले में करीब 80 हजार एलपीजी ग्राहकों के ई-केवायसी पेंडिंग हैं। सरकार ने एलपीजी कनेक्शन के केवायसी को लेकर अब कड़ा रूख अपनाना प्रारंभ कर दिया है। इससे पहले एलपीजी कंपनियों के द्वारा अपने ग्राहकों को फोन कॉल्स एवं पंजीकृत मोबाईल पर टेक्स्ट मैसेज के जरिए लगभग दो साल पहले से ई-केवायसी कराने का संदेश दिया जाता रहा है, लेकिन अब भी हजारों की संख्या में ई-केवासीसी पेंडिंग होने के कारण अब सरकार द्वारा कड़ा रूख अपनाया जा रहा है। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एलपीजी के तीनों कंपनियों के कनेक्शन धारकों को हर हाल में 16 अगस्त तक अपना ई-केवायसी अपटेड करवाना है। इस तिथि तक भी केवायसी पूरा नहीं कर पाने वालों को घरेलू कीमतों में सिलेंडर नहीं देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

- मंत्रालय के निर्देश, सत्रह अगस्त से प्रभावशील



### निर्देश तीनों कंपनियों के लिए

16 अगस्त तक अपना ई-केवायसी नहीं कराने वाले एलपीजी ग्राहकों को घरेलू कीमतों पर सिलेंडर नहीं देने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। यह निर्देश तीनों ही कंपनियों के लिए लागू है। जिले में आईओसीएल के 1 80 लाख एलपीजी ग्राहक हैं, जिनमें करीब 40 हजार ग्राहकों के ई-केवायसी पेंडिंग हैं। सत्रह अगस्त से बगैर केवायसी वाले ग्राहकों को घरेलू दरों पर रिफिल प्राप्त करने में परेशानी हो सकती है।

-हेमप्रकाश साहू
नोडल अधिकारी आईओसीएल

### उज्जवला ग्राहकों को नजर आ रहे सब्सिडी के तीन सौ रूपए

सरकार ने उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन चलाने वाले ग्राहकों को बिना केवायसी के सिलेंडर देने पर ही मनाही कर रखी है। सामान्य श्रेणी के एलपीजी उपभोक्ताओं को सरकार से सब्सिडी के रूप में 67 रूपए प्राप्त होते हैं, जबकि उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन इस्तेमाल कर रहे ग्राहकों को सीधे तीन सौ रूपए की सब्सिडी प्राप्त होती है। ऐसे में उज्जवला वाले ग्राहकों को केवायसी नहीं कराने की स्थिति में हर बार सीधे तीन सौ रूपए का नुकसान नजर आ रहा है।

### रेट बढ़ेगा, कमर्शियल का चार्ज लगेगा या जीएसटी बढ़ेगी?

ई-केवायसी नहीं कराने वालों को 17 अगस्त से घरेलू कीमतों सिलेंडर नहीं दिया जाना है, लेकिन किन दरों पर दिया जाना है यह अभी तय नहीं किया गया है। नाम नहीं छापने की शर्त पर इस क्षेत्र के एक जानकार ने बताया कि सरकार इसके लिए तीन में किसी एक विकल्प का चयन कर सकती है। या तो सरकार ऐसे ग्राहको के लिए एलपीजी की कीमत में बढ़ोतरी कर देगी, या फिर कमर्शियल की दर पर ही घरेलू रिफिल भी दिए जा सकते हैं। तीसरा विकल्प यह हो सकता है कि शासन जीएसटी की दर में बढ़ोतरी कर इस श्रेणी के ग्राहकों पर अधिक कीमत चार्ज कर सकती है। हालांकि इस संबंध में उन्होंने सिर्फ अपना अनुमान लगाने की बात कही है।

## ब्लाक शिक्षा अधिकारी के बाबू ने थाने में लिखित शिकायत की

# मेडिकल क्लेम में हेराफेरी कर 9 लाख रुपए का गबन, शिक्षक के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेडिकल क्लेम में कुटरचित दस्तावेज से 9 लाख रुपए निकालकर गबन करने वाले शिक्षा विभाग के एलबी शिक्षक के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी के बाबू सौरभ मजुमदार पिता अनंत कुमार मजुमदार ने थाने में लिखित शिकायत की शिक्षा विभाग में पदस्थ एलबी शिक्षक साधेलाल पटेल ने वर्ष 2022 से 2024 तक चिकित्सा प्रतिपूर्ति क्लेम में हेरफेर कर कुटरचित दस्तावेज लगाकर 9 लाख रुपए गबन कर दिया है। इसके अलावा उसने 3 से 4 और क्लेम पैसा लेने के लिए किया हुआ है। उक्त क्लेम की राशि उसे नहीं मिल पाया है। शिकायत पर शिक्षा विभाग में विभागीय जांच किया गया था। जांच शिक्षक साधेलाल पटेल के द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर क्लेम कर शासन को 9 लाख रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाया है और भी क्षति पहुंचाने के लिए उसके द्वारा क्लेम किया हुआ है। पुलिस ने बाबू की रिपोर्ट पर एलबी शिक्षक साधेलाल पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।



शिक्षक ने 30 लाख का फर्जी मेडिकल बिल बनाया, सभी बिलों में काटछांट एडिट कर कूटरचना, स्वास्थ्य विभाग ने कहा- हमने जारी ही नहीं किया

जिस वक्त बीमार बताया उस वक्त ड्यूटी पर था

बिल्हा ब्लाक में 50 लाख की

हरिभूमि में 23 मई को प्रकाशित खबर।

मृत साले का भी मेडिकल बिल बनवा लिया, परिजनों के नाम पर 30 लाख निकालने की साजिश, स्वास्थ्य विभाग का फर्जी स्टांप और साइन भी किया

हरिभूमि में 4 जुलाई को प्रकाशित खबर।

### सभी बिल में सुधार किया गया था

जांच में खुलासा हुआ कि एलबी शिक्षक साधेलाल के द्वारा सभी बिलों में सुधार किया गया था और बढाचढ़ा कर बनाया गया था। जिस वक्त बीमार बताया, उस वक्त वह ड्यूटी में था। वहीं दूसरे के नाम की बिल की कुटरचना किया गया था।

### एक जीवित एक मृत के नाम पर लिया क्लेम

बताया जाता है कि आरोपी साधेलाल पटेल ने अपनी पत्नी, साला एक जीवित, एक मृत के नाम पर कुटरचित और फर्जी दस्तावेज, फर्जी स्टांप और साइन कर बोगस मेडिकल बिल जमाकर 30 लाख रुपए निकालने की साजिस रचते हुए स्वास्थ्य विभाग में क्लेम लेने के लिए आवेदन जमा किया था। जांच में दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बिल जारी नहीं किया था और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मामले में एफआईआर कराने की अनुशंसा की गई थी।

# 6 घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया कैदी का शव




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेंट्रल जेल में दो जज व परिजन की उपस्थिति में 6 घण्टे की मशक्कत के बाद गैसकटर से 4 बाई 3 के कन्टेनर में लगी लोहे की चादर काटकर कैदी का शव बाहर निकाला गया। मृतक का शव कन्टेनर के अंदर बैठी हालत में था। वीडियोग्राफी के साथ चार डाक्टरों की टीम के द्वारा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। मृतक पाकशाला के गैसीफायर प्लांट में लकड़ी डालने का काम करता था। घरवालों के अनुसार, वह पैरोल के आवेदन पर पिता के द्वारा हस्ताक्षर नहीं करने से परेशान था।

29 जुलाई को शाम 4 बजे केन्द्रीय जेल में दोहरे हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी जांजगीर चांपा जिला के बम्हनीनडीह निवासी राहुल उर्फ विकेश कंवर पिता अमर सिंह कंवर 46 साल ने गैसीफायर में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। 30 जुलाई की सुबह 9 बजे दो जज, सिविल लाइन पुलिस, एसडीआरएफ की टीम केन्द्रीय जेल पाकशाला पहुंच गए। जज व परिजन की उपस्थिति में एसडीआरएफ की टीम सीढ़ी, कुर्सी, जैक, तार काटने के कटर से कन्टेनर से शव बाहर निकालने में लग गए। अथक प्रयास के बाद भी एसडीआरएफ की टीम कन्टेनर के लोहे का चादर नहीं तोड़ पाई। दोपहर 2.30 बजे मार्केट से गैसकटर काटने वालों को बुलाया गया। आधा घण्टे में गैसकटर से कन्टेनर के 4 बाई 3 लोहे का चादर काटकर शव सुरक्षित बाहर निकाला गया। कन्टेनर के अंदर मृतक कैदी की लाश बैठी अवस्था में थी। कन्टेनर अत्याधिक गर्म होने से उसका शरीर उबल गया था।

- पैरोल के आवेदन में पिता के हस्ताक्षर नहीं करने से परेशान था कैदी
- दो जज व परिजन की उपस्थिति में शव का किया गया पंचनामा

### चार दिन पहले परिजन आए थे मिलने

घरवालों ने बताया, चार दिन पहले वे मृतक कैदी से मिलने के लिए केन्द्रीय जेल आए थे। उस दौरान उसने पैरोल के संबंध में पूछताछ की थी। घरवालों ने उसे बताया, पैरोल के आवेदन में हस्ताक्षर करने सभी तैयार हैं, किन्तु उसके पिता हस्ताक्षर करने के लिए तैयार नहीं हैं। पिता के हस्ताक्षर के बगैर उसे पैरोल में जेल से छुट्टी नहीं मिल रही थी। उसने यह बात जेल में कई बंदियों से की थी और परेशान रहा करता था।

### जेल के अंदर पंचनामा

बंद कमरे में दोनों जजों ने परिजन व घटना के समय पाकशाला में उपस्थित कैदी व सुरक्षा प्रहरियों का बयान दर्ज किया है। उसके बाद परिजन की उपस्थिति में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सिम्स भेजा गया। चार डाक्टरों की टीम ने वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजन को सौंप दिया। परिजन शव लेकर रवाना हो गए हैं।

### पाकशाला में करता था काम

मृतक कैदी पाकशाला में भोजन बनाने में सहयोग करता था। वह गोदाम से अनाज पाकशाला ले जाता था। वह साफ सफाई करने के बाद गैसीफायर प्लांट में लकड़ी डालने का काम भी करता था। जब वह गैसीफायर प्लांट की दौड़ा तो वहां काम कर रहे कैदियों को कुछ भी समझ नहीं आया। वह सीधे कन्टेनर में जाकर कूद गया था।

# हैदराबाद के कालेज में एडमिशन कराने के नाम पर छात्रा से 12 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हैदराबाद के कालेज में एडमिशन कराने का झांसा देकर छात्रा से 12 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, विनोबा नगर निवासी ऋषिका तिवारी पिता प्रमोद तिवारी कक्षा बारहवीं की पढ़ाई करने के बाद अच्छे कालेज में दाखिला लेने के लिए गूगल सोशल मीडिया एप में सर्च करके कालेज के बारे जानकारी प्राप्त कर रही थी। जिसमें एक मोबाइल नम्बर मिला। जिसमें बात करने पर उनके द्वारा आईआईआईटी हैदराबाद कालेज में एडमिशन कराने के लिए शार्ट एक्जाम दिलाने एवं 12 लाख रुपए डोनेशन की मांग की गई। उनके द्वारा 6 जून 2026 को 4 लाख, 7 जुलाई 2026 को 8 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से उनके द्वारा बताए गए बैंक खाता नम्बर में ट्रांसफर किया गया। पैसा देने के बाद भी उन्हें उक्त कालेज में एडमिशन नहीं कराया गया और न ही पैसा वापस किया जा रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## दो व्यापारियों से सामान बेचने का झांसा देकर 1 लाख 79 हजार की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

तमिलनाडु व नागपुर के दो व्यापारियों से खाद्य सामाग्री बेचने का झांसा देकर 1 लाख 79 हजार रुपए की ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि तेलीपारा निवासी अमन आडवानी ने बाहर में जाकर व्यापरियों को सस्ते में खाद्य सामग्री बेचने का काम करता है। पूर्व में उसने तमिलनाडु व नागपुर के दो व्यापारियों से सस्ते में दाल दिलाने का झांसा देकर 1 लाख 79 लाख रुपए लेकर दाल नहीं भेजा। आडवानी ने उक्त रकम व्यापारियों से आनलाइन बैंक खाते से लिया था। समय पर सामान नहीं मिलने पर व्यापारियों ने ऑनलाइन साइबर टोल फ्री नम्बर 1930 में मामले की शिकायत की गई थी। जिससे उसके बैंक खाते को म्यूल खाता में डाल दिया था। जांच के बाद पुलिस ने म्यूल खाता धारक अमन आडवानी के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।




## धूप-छांव के बीच झमाझम बारिश



**बिलासपुर।** मौसम रोजाना अपनी हरकते बदल रहा है। गुरूवार को तड़के सुबह बारिश होती रही, लेकिन सुबह 8 बजे के बाद आसपास मौसम खुला रहा, हालांकि आसमान पर बदली रही। इस दौरान दोपहर को धूप भी निकली और दोपहर 2.30 बजे अचानक झमाझम बारिश होने लगी, इसके अगले पल ही फिर से तेज धूप निकली। इस दौरान धूप-छांव के बाद उमस भी बरकरार रही और अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अवदाब का असर होने के कारण झमाझम बारिश हो रही है, आने वाले 2 से 3 दिनों में यही स्थिति बनी रहेगी।

## आरोपी वकील की दोनों किडनी फेल, डाक्टर ने कहा बिना डायलिसिस के नहीं रह सकता

# 35 हजार रुपए लेकर एक मामले की फाइल पास कराता था तहसीलदार का ड्राइवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय जेल में बंद तहसीलदार का ड्राइवर सर्पदंश से मौत के फर्जी दस्तावेज से मुआवजा लेने के मामले में पटवारी का फर्जी पंचनामा, नक्शा, सील मुहर, हस्ताक्षर कर तहसीलदार कार्यालय से पास कराने के लिए हर एक मामले का 35 हजार रुपए लेता था। इधर तोरवा पुलिस ने दो मामले के आरोपी बीमार वकील को सिम्स में भर्ती कराकर बयान लेने के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

तोरवा पुलिस ने इस मामले में महमंद निवासी तला सूर्यवंशी, निसार खान के मृत्यु के मामले में शबीना बानो महमंद, संतोष सूर्यवंशी महमंद, रंजीत गढ़ेवाल सैदा, डा. प्रियंका सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों मामले का मास्टर माइंड वकील पेण्डारी निवासी श्रवण कुमार वस्त्रकार पिता भागवत प्रसाद वस्त्रकार 41 साल को दो दिन पहले उसके घर से हिरासत में लेकर सिम्स में भर्ती कराया गया था। दोनों मामले में वकील वस्त्रकार का बयान लेने के बाद उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जाता है आरोपी वकील की दोनों कीडनी फेल है। डाक्टर ने कहा है वकील बिना डायलिसिस के नहीं रह सकता है। डाक्टर की सलाह के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया है।

- पुलिस ने बयान लेने के बाद आरोपी वकील वस्त्रकार को परिजन के सुपुर्द किया



फर्जी सर्पदंश का मामला — मास्टर माइंड सहित चार से पुलिस रिमांड लेकर की गई पूछताछ

फोटोकापी दुकान में बनाए जाते थे फर्जी दस्तावेज



**फरार डा. गोले का नहीं पकड़ पा रही पुलिस -** सिरगिट्टी थाना के फर्जी सर्पदंश के मामले में फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने वाले सिम्स के डा. एसएन गोले के खिलाफ मामला दर्ज है। पूर्व में डाक्टर को तलब कर पूछताछ की थी उसके बाद उसे छोड़ दिया गया था। अब आलम यह है कि पुलिस फरार डाक्टर को पकड़ नहीं पा रही है। वहीं डा. गोले सिम्स में ड्यूटी से भी नदारद चल रहे हैं।

### डाक्टर की फिर से पुलिस रिमांड लेने की तैयारी

सिविल लाइन थाना में सर्पदंश से मौत के फर्जी दस्तावेज बनाने के दो मामले में फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट पूर्व सिम्स के डाक्टर प्रियंका सोनी के द्वारा बनाने का खुलासा हुआ है। आरोपी डा. सोनी तोरवा थाना के मामले में जेल में बंद है। सिविल लाइन पुलिस ने दोनों मामले में गिरफ्तारी करने कोर्ट में डा. प्रियंका को पुलिस रिमांड में लेने के लिए आवेदन जमा किया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस उसे रिमांड लेकर पूछताछ करने के बाद गिरफ्तारी करेगी।

**सिम्स में 250 से अधिक सर्पदंश से मौत के मामले :** मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने सिम्स चौकी के पूर्व प्रभारी गुलाब सोनवानी को तलब कर पूछताछ कर बयान दर्ज किया गया। जिसमें खुलासा हुआ कि उसके द्वारा दो कार्यकाल में 250 से अधिक सर्पदंश से मौत का पोस्टमार्टम कराया गयाहै। मजेदारबात यह है कि जांच के बाद सिम्स चौकी से वकील को सूचना देने वाले दो नगर सैनिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। किन्तु 250 से पोस्टमार्टम कराने वाले प्रभारी पर अब तक आंच नहीं आया है कि जिसको लेकर शहर में कई तरह की चर्चा हो रही है।

### तहसीलदार का ड्राइवर बनाता था फर्जी दस्तावेज

पूछताछ में महत्वपूर्ण खुलासा हुआ है कि वकील वस्त्रकार सहयोगियों के साथ मिलकर दोनों मृतकों के मौत के बाद परिजन से मिलकर सर्पदंश से मृत्यु होने पर शासन की ओर से 4 लाख रुपए मुआवजा राशि मिलने की जानकारी दी। परिजन से मुआवजा राशि दिलाने पर 50 - 50 बंटवारा करने का सौदा तय किया। मतलब 2 लाख रुपए परिजन व 2 लाख रुपए वकील स्वयं लेता था। बैंक खाते में पैसा जमा होने के बाद वकील पैसा निकालकर अपना हिस्सा रख लेता था। वह सर्पदंश से मृत्यु के फर्जी दस्तावेज बनाकर तहसीदार के दैनिक वेतन भोगी ड्राइवर गोविंद विश्वकर्मा को फाइल बनाकर देता था। ड्राइवर स्वयं पटवारी पंचनामा, नक्शा सील मोहर, हस्ताक्षर कर तहसील आफिस से फाइल पास कराता था। एक फाइल पास कराने के लिए ड्राइवर वकील से 35 हजार रुपए लिया करता था। इस तरह से उसने कितने फाइन तहसील आफिस से पास कराया होगा इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### जनगणना मानदेय भुगतान नहीं होने पर शहरी क्षेत्र के कर्मचारी नाराज

**बिलासपुर।** निगम क्षेत्र के अंतर्गत जनगणना कार्य करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को शीघ्र मानदेय भुगतान करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने गुरुवार को कलेक्टर एवं आयुक्त नगर निगम को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिला शाखा अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय जनगणना कार्य वर्ष 2026-27 के लिए नगर निगम क्षेत्र बिलासपुर के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारी /कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसके लिए शासन द्वारा मानदेय का प्रावधान रखा गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर जहां ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत जनगणना में कार्यरत कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान हो चुका है, परंतु नगरी क्षेत्र के कर्मचारी को अभी तक मानदेय प्राप्त है जिससे कर्मचारियों में नाराजगी है। इस संबंध में संघ के द्वारा आज कलेक्टर एवं अपर आयुक्त नगर पालिका निगम से भेंट कर चर्चा की गई। उनके द्वारा शीघ्र मानदेय भुगतान नगरीय क्षेत्र के कर्मियों को भी करने का आश्वासन दिया गया।

### शिक्षा के मंदिर से कमर्शियल टैक्स तत्काल हटाने की मांग



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा समस्त स्कूली बच्चों को किताबें, स्कूल ड्रेस, जूते तथा आरटीआई के तहत 25% बच्चे समस्त स्कूलों में फ्री पढ़ाए जाने का आदेश का पालन भी किया जा रहा है तथा शहर के जनप्रतिनिधि एवं वार्ड के प्रतिनिधि द्वारा भी स्कूलों में दबाव बनाया जाता है उसका भी समस्त स्कूल सम्मान करते हैं लेकिन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए गली मोहल्ले में किराए के मकान लेकर विभिन्न समितियों द्वारा स्कूल चलाया जा रहा है। दूसरी तरफ नगर निगम बिलासपुर द्वारा मकान का रेसीडेंशियल टैक्स लिया जाता था वह बढ़कर कमर्शियल का रूप ले लिया है। उस स्कूल का कमर्शियल टैक्स नगर निगम बिलासपुर के द्वारा वसूला जा रहा है । इसे ध्यान में रखते हुए भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक तथा पूर्व पार्षद राजेश मिश्रा, जिला सहसंयोजक विद्यानंद साहू, सह संयोजक वेदांत शुक्ला, कोषाध्यक्ष भूषण प्रसाद पांडे ने कलेक्टर संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें नगर निगम बिलासपुर द्वारा स्कूलों से कमर्शियल टैक्स लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है। इसे तत्काल हटाने की मांग की है है।

### एनएसयूआई ने किया शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

**बिलासपुर।** एनएसयूआई प्रदेश महासचिव अर्पित केशरवानी के नेतृत्व द्वारा शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के इस्तीफे की मांग को लेकर आज गोलबाजार में उनका



पुतला दहन किया गया। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ सरकार की शिक्षा नीतियों और राज्य सरकार की शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं का खामियाजा सीधे छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। कोरोना काल में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी दुलार योजना का लाभ अब पात्र छात्र-छात्राओं को नहीं मिल रहा है। एनएसयूआई इस योजना का लाभ पुनः शुरू करने और पात्र विद्यार्थियों को तत्काल लाभ दिलाने की मांग करती है। छत्तीसगढ़ बोर्ड की 12वीं हिंदी परीक्षा पेपर लीक मामले में शिक्षा व्यवस्था की साख पर लगे गंभीर दाग और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की नैतिक जवाबदेही तय करने की मांग को लेकर गोलबाजार में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का पुतला दहन किया गया। पूर्व प्रदेश सचिव सोहराब ख़ान ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि शिक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास बनाए रखने और निष्पक्ष जांच करने के लिए शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से तत्काल इस्तीफा लिया जाए। यदि सरकार इस मांग को अनसुना करती है, तो यह आंदोलन बिलासपुर से निकलकर पूरे छत्तीसगढ़ में चरणबद्ध रूप से तेज किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश सचिव रंजेश सिंह, आकाश श्रीवास्तव,रिहान रात्रे, शाहिल अली,देवराज अहिरवार,अमन यादव, कासिम अली,किशन सोनी,संस्कार रजक,आयुष भट्ट, मुकेश कुमार कुरी, सीनू रात्रे, अतुल, कोमल साहू, साहिल अली, काशिम अली, वीर यादव, रोहन सारथी, युवराज सूर्यवंशी, कार्तिक नवरंग, अक्षत वैष्णव, रवि सूर्यवंशी, दीनू ध्रुव, आयुष रात्रे, उत्तम दहेडिया, शुभम खुर्रे आदि मौजूद थे।

### कर्नल एकेडमी में गुरु पूर्णिमा पर बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**बिलासपुर।** कर्नल एकेडमी ऑफ रेडिएंट एजुकेशन मंगला में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं भारतीय संस्कृति की गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, प्रेरणादायी भाषण, कविता, समूह नृत्य एवं आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन (माउंट आबू) ने सफलता का रहस्य विषय पर कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा, श्रेष्ठ संस्कार और उत्कृष्ट चरित्र भी प्रदान करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि स्वर्गीय कर्नल आर.एस. त्रिपाठी के आदर्शों एवं मूल्यों पर आधारित यह विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करने के लिए सतत कार्यरत है। विद्यालय का सफल संचालन कैप्टन आर.के. त्रिपाठी, डॉ. गीता त्रिपाठी एवं श्री आशीष राज त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में हो रहा है। संस्थान में सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ आधुनिक शिक्षण सुविधाएँ, अटल टिंकरिंग लैब, एनसीसी, स्काउट-गाइड, संगीत, नृत्य, तैराकी, छात्रावास तथा अग्निवीर, एनडीए, रक्षा सेवाओं, पुलिस एवं नवोदय जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

---

**टीम ने दी जांच रिपोर्ट** | नुकसान की भरपाई संचालक से करने का लिया गया निर्णय

# वैगन में आधा कोयला भरा होने की वजह से बेपटरी हुई थी मालगाड़ी

**बिलासपुर।** चुचुहियापारा रेलवे यार्ड में मालगाड़ी का वैगन पटरी से उतरने की रिपोर्ट टीम ने दी है, जिसमें उतरे हुए वैगन में आधा कोयला होना पाया गया है। कोयला आधा भरा होने की वजह से गाड़ी बेपटरी होने से नुकसान की भरपाई संचालक से करने का निर्णय लिया गया है।

कुछ दिन पहले कटनी से बिलासपुर होकर कोरबा की ओर जाने वाली मालगाड़ी का एक वैगन चुचुहियापारा रेलवे यार्ड में बेपटरी हो गया था। मीडिल लाइन में वैगन के बेपटरी होने के कारण हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली यात्री ट्रेनों के अलावा मालगाड़ियों को दूसरी लाइन से रवाना किया गया। इस घटना से ट्रेन यातायात तो प्रभावित नहीं हुआ, लेकिन रेल लाइन और अन्य हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। करीब दो से तीन घंटे की मशक्कत के बाद बेपटरी हुए



मालगाड़ी के वैगन को पटरी पर लाने का काम किया गया। इसके तत्काल बाद एक घटना करगी रोड कोटा में हो गई, जहां डाउन लाइन पर पेण्ड्रा से बिलासपुर आ रही मालगाड़ी के तीन वैगन पटरी से उतर गए थे। इन दोनों घटनाओं की जांच करने के लिए बिलासपुर रेल मंडल में टीम का गठन कर दी गई। बिलासपुर स्टेशन के चुचुहियापारा यार्ड में हुई मालगाड़ी के बेपटरी होने की घटना की जांच एडीईएन सेन्ट्रल, डीएमई, एडीईई ओपी, एओएम जनरल और एडीएसओ बिलासपुर, करगीरोड कोटा के घटना की जांच में एडीईएन सेन्ट्रल, एएससी 1, एडीएसओ को शामिल किया गया। करगीरोड कोटा की जांच करते हुए आरपीएफ की टीम ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया। दूसरी ओर बिलासपुर के चुचुहियापारा रेलवे यार्ड की घटना की जांच करते हुए टीम ने मालगाड़ी के गिरे वैगन में आधा कोयला भरा होने को जिम्मेदार ठहराया है, जिसकी वजह से गाड़ी का एक वैगन अनबैलेंस होकर पटरी से नीचे उतर गया था। इस रिपोर्ट के आधार पर अब आगे की कार्रवाई शुरु कर दी गई है।

### वाशरी संचालक से वसूली

इसी तरह बिलासपुर रेल मंडल के नैला साइडिंग में शंटिंग करने के दौरान कोयला से लोडेड एक मालगाड़ी के चार पहिए बेपटरी हो गए थे। 59 वैगन की मालगाड़ी में 33वां, 34वां, 35वां और 36वां वैगन पटरी से उतरने के कारण लाइन पर यातायात प्रभावित हो गया। करीब दो से तीन घंटे की मशक्कत के बाद मालगाड़ी के उतरे वैगन को पटरी पर लाकर ट्रेन को आगे की ओर रवाना किया गया। घटना के बाद नुकसान का आंकलन किया जा रहा था। घटना की जांच के बाद अब कोल साइडिंग के संचालक से क्षतिग्रस्त और नुकसान की भरपाई करने की तैयारी की जा रही है।

---

मलेरिया समेत मौसमी बीमारी पर भी हुई चर्चा

# जिला पंचायत सामान्य सभा में खराब सड़क व स्वास्थ्य का मुद्दा छाया रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत में गुरुवार को सामान्य सभा हुई जिसमें बारिश के बाद खराब ग्रामीण सड़कों और स्वास्थ्य सहित कृषि विभाग का मुद्दा छाया रहा। जिला पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के खराब सड़कों का मुद्दा बैठक में रखते हुए सड़कों के मरम्मत एवं निर्माण की मांग उठाई। इसी तरह बरसात में बीमारी एवं मलेरिया से निपटने स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराए जाने की बात कही गई।



जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, 16 वें वित्त आयोग तथा लोक निर्माण विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मलेरिया की रोकथाम के प्रभावी उपाय करने तथा ग्राम पंचायतों के निरीक्षण प्रतिवेदन समय-समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कृषि विभाग ने बताया कि किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है तथा किसान स्वयं उपस्थित होकर खाद प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्र एवं अपात्र किसानों की जानकारी भी सदस्यों को दी गई। इसके साथ ही युवाओं को कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में 16 वें वित्त आयोग की गाइड लाइन की जानकारी विस्तार से साझा की गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा विभागीय कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया तथा भटगांव से बरतोरी मार्ग का निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने और झाल से नगपुरा मार्ग का टेंडर जल्द जारी करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्राम धूमा से नगचुवा मार्ग को जल्द पूर्ण कराने तथा बिटकुली से करवा मार्ग के निर्माण कार्य में सड़क के दोनों ओर सोल्डर लगाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता संतोष कश्यप, सभापति श्रीमती अनुसुईया कश्यप, सभापति श्रीमती भारती नीरज माली, सभापति गोविंद राम यादव, श्रीमती अंबिका विनोद साहू, सभापति निरंजन सिंह पैकरा, शिवेन्द्र प्रताप कौशिक, श्रीमती सतकली बावरे, राजेन्द्र धीवर, दामोदर कांत, श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास, श्रीमती रजनी, पिंटू मरकाम, श्रीमती जयकुमारी प्रभु सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामसर साइट पर कोल वासरी दिल्ली से चेक करने आएगी टीम



**बिलासपुर।** कोपरा जलाशय को रामसर साइट बनाने की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन यहां आसपास एक दर्जन से अधिक संचालित कोल वाशरी का गंदा पानी सरोवर में जाने के कारण पानी दूषित होने से देसी और विदेशी पक्षियों का आना भी कम हो गया है। इसके लिए वन विभाग ने प्रशासन को प्रशासन ने प्रदेश शासन को और प्रदेश की ओर से दिल्ली पत्र लिखा गया है। अब कोपरा जलाशय के आसपास चल रही कोल वासरी को हटाने के लिए दिल्ली की टीम आएगी, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

शहर से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर स्मृति वाटिका के पीछे कोपरा जलाशय 210 हेक्टेयर में फैला हुआ है। कुछ माह पहले सेन्ट्रल ने कोपरा जलाशय को रामसर साइट बनाने की घोषणा की थी। जैव विविधता से समृद्ध इस क्षेत्र में 150 से अधिक पक्षियों की प्रजातियां दर्ज की गई हैं। इनमें से कई प्रजातियां दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त है। यहां प्रवासी पक्षियों का आगमन हर वर्ष सर्दियों के मौसम में होता है, साइबेरिया, यूरोप और एशिया के विभिन्न देशों से पक्षी यहां आते हैं। जलाशय की प्राकृतिक स्थिति, समृद्ध मछली संसाधन और वनस्पतियों की विविधता इसे इन पक्षियों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल बनाते हैं। यहां 180 प्रजातियों के परिंदे उड़ान भरते हैं। इसमें से कुछ प्रमुख रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, गैडवाल, यूरेशियन कूट, गर्गेनी, वेस्टर्न हैरियर, ग्रे वैगटेल, व्हाइट ब्राउड वैगटेल, वेस्टर्न येलो वैगटेल, पैडीफील्ड पिपिट व अन्य पक्षी शामिल हैं। शासन ने कोपरा जलाशय को विकसित करने के लिए जिम्मेदारी वन विभाग को सौंप दी है। वन विभाग ने रामसर साइट पर इंटरप्रीटिशियन सेंटर, बटर फ्लाई पार्क के अलावा अन्य कार्यों का प्रस्ताव बनाकर भेजा है, ताकि बजट मिलने के बाद काम शुरु किया जा सके। बिलासपुर वन मंडल की टीम ने कैचमेंट क्षेत्र और आसपास की गतिविधियों का प्राथमिक सर्वे भी कराया है।

### दिल्ली से आएगी साइंटिस्ट की टीम

कोपरा जलाशय के पास कोल वासरी को हटाने के लिए सर्वे हुआ है। इसके बाद समिति बनी है, जिसके अध्यक्ष कलेक्टर हैं। जलाशय के आसपास कोल वासरी को हटाने के लिए पहला सर्वे हो चुका है। अब इसके लिए विशेष रूप से दिल्ली से साइंटिस्टों की टीम आएगी, जिनके सर्वे और रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-नीरज कुमार**, डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

## प्रवेश में अनियमितताओं के विरोध में एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डीपी विप्रा लॉ कॉलेज इकाई ने कॉलेज की प्रवेश प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है।

एबीवीपी का कहना है कि कई ऐसे विद्यार्थियों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनके अंक अधिक होने के बावजूद उन्हें प्रवेश नहीं मिल रहा है, जबकि उनसे कम अंक प्राप्त करने वाले कुछ विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। यदि यह सही है, तो यह मेरिट आधारित प्रवेश व्यवस्था के सिद्धांत के विपरीत है और इसकी निष्पक्ष जाँच आवश्यक है। इसे लेकर एबीवीपी ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जाँच कराने तथा पात्र विद्यार्थियों को न्याय दिलाने की मांग की है। इस अवसर पर अतिन्द्र दीवान अटल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष सुधांशु, डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय के अध्यक्ष निखिल यादव तथा अन्य कार्यकर्ता अनिक तिवारी एवं रोनित महिलांगे, अमित तिवारी उपस्थित रहे।

■ **निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कुलपति को सौंपा गया ज्ञापन**

एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा कर मेरिट के आधार पर सभी पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। यदि जाँच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा, हुई रणनीतिक बैठक



**बिलासपुर।** नए स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल और उपभोक्ताओं की बढ़ती परेशानियों को लेकर बिलासपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर जनता की समस्याओं को उठाने और विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 30 जुलाई को कांग्रेस भवन में विशेष बैठक आयोजित की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में स्मार्ट मीटर से जुड़े उपभोक्ताओं के मुद्दों, बढ़ते बिजली बिल और आम जनता की परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्मार्ट मीटर के विरोध में आगामी आंदोलन की रणनीति भी तय की गई। कांग्रेस का कहना है कि हाईटेक तकनीक के नाम पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर से आम उपभोक्ताओं, खासकर मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं। पार्टी ने इस मामले को जनहित से जुड़ा मुद्दा बताते हुए सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर से जुड़ी जनता की शिकायतों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। जिसमे जिला स्तर पर उपभोक्ताओं से फॉर्म भरवाए जायेंगे जिसमे उनको आ रही ज्यादा बिल की समस्या, गलत रीडिंग की समस्या, समय पर रीडिंग नही होने की समस्या, बिल सुधरवाने ऑफिस के चक्कर लगाने की समस्या, जो लोग पुराना मीटर वापस लगवाना चाहते है उनका पक्ष रखना एवम जो लोग नया मीटर नही लगवाना चाहते है। बैठक में सिद्धांशु मिश्रा, महेंद्र गंगोत्री, शैलेश पांडे, राजेंद्र शुक्ला, राजेंद्र साहू , रामशरण यादव, राजेश पांडे, प्रमोद नायक, भरत कश्यप, देवेंद्र सिंह, पंकज सिंह, स्वप्निल शुक्ला, राकेश शर्मा, शिवा मिश्रा, महेश दुबे, रामा बघेल, शिल्पी तिवारी आदि मौजूद थे।

## डीएसपी टंडन 15 अगस्त को होंगे सम्मानित

**बिलासपुर।** 15 अगस्त को डीएसपी डीआर टंडन को शहीद वीरनाराण सिंह पुरस्कार व पुलिस महानिदेशक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस से जारी आदेश के अनुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को छत्तीसढ़ शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महिलाओं, अवस्यक बालक बालिकाओं व समाज के कमजोर वर्गो पर होने वाले अत्याचार उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने व त्वरित वैधानिक कार्रवाई करने में उत्कृष्ट कार्य करने पर अजाक डीएसपी डीआर टण्डन को शहीद वीरनारायण सिंह पुरस्कार व पुलिस महानिदेशक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

---

प्रेस क्लब के 'हमर पहुना' कार्यक्रम में पत्रकारों से चर्चा

# दो वर्षों में विकास को मिली नई गति: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में विकास कार्यों को नई गति मिली है। सिंचाई, सड़क, शिक्षा, बिजली और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है।

गुरुवार को बिलासपुर प्रेस क्लब के 'हमर पहुना' कार्यक्रम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कौशिक ने कहा कि बिल्हा विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि अरपा-भैंसाझार सिंचाई परियोजना अंतिम चरण में है, जिसके पूरा होने पर करीब 67 हजार एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इसके अलावा पथरिया बैराज के लिए 55 करोड़ रुपये तथा दगौरी रेल लाइन के आगे सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए 70 करोड़



रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मनियारी परियोजना पर भी तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अधिकांश विद्यालयों का दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है तथा कई विद्यार्थियों ने 95 से 96 प्रतिशत तक अंक अर्जित किए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में छात्राओं की शिक्षा को विशेष बढ़ावा मिला है और कई विद्यालयों में उनकी संख्या छात्रों से अधिक हो गई है। कौशिक ने बताया कि सार्वजनिक जीवन में आने से पहले उन्होंने करीब साढ़े 14 वर्ष तक अधिवक्ता के रूप में कार्य किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ गठन के समय बिलासपुर में हाई कोर्ट की स्थापना के लिए किए गए प्रयासों का भी उल्लेख किया। कौशिक ने कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र में सड़क नेटवर्क, विद्युत उपकेंद्र, विद्यालय, महाविद्यालय और अन्य आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। 132 केवी, 220 केवी और 400 केवी क्षमता के विद्युत उपकेंद्रों से बिजली व्यवस्था मजबूत हुई है। वहीं हवाई अड्डा, उच्च न्यायालय, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल तथा सिरगिट्टी, तिफरा, सिलपहरी और दगौरी के औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा सरकार आगे भी जनहित और विकास के कार्यों को इसी गति से जारी रखेगी।

## सरकंडा थाना परिसर में किया पौधरोपण

**बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में स्वयं सिद्धा फाउंडेशन ने आज सरकंडा थाना परिसर में एसएसपी रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में सरकंडा थाना में पौधरोपण किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों और फाउंडेशन के सदस्यों ने मिलकर छायादार, फलदार पौधे लगाए। अध्यक्ष चंचल सलूजा ने कहा पौधा लगाना ही काफी नहीं है। उन्हें सुरक्षित रखना और बड़ा करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूक होना हम सबका दायित्व है। इसके लिए हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। स्वयं सिद्धा फाउंडेशन का लक्ष्य है बिलासपुर के हर कोने को हरा-भरा बनाना। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रदीप आर्य, निरीक्षक संजय शिंदे, शैलेंद्र सिंह, बलबीर सिंह, मिथिलेश सोनी, श्रवण टंडन थाना स्टाफ मौजूद रहे।

## बिजनेस प्लस

### चुट्टू ने मनाया संजय दत्त का जन्मदिन




**बिलासपुर।** फिल्म अभिनेता संजय दत का 29 जुलाई को उनके फैन चूटटू अवस्थी ने जन्मदिन मनाया। संजय दत्त की लंबी उम्र के लिए तिफरा काली मंदिर में पूजा अर्चना के साथ दिन की शुरुआत की। बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में गरीबों को खाना खिलाया। दोपहर में रक्तदान शिविर का आयोजन कर 50 यूनिट ब्लड से ज्यादा रक्तदान किया गया।

मित्रों के साथ मध्यनगरी स्थित सागर शिखर कॉम्प्लेक्स और कोनी के कंट्री क्लब में केक काटकर भव्य जन्मदिन मनाया गया। इस कार्यक्रम में चीका बाजपेई, अभिनव तिवारी, अजय शुक्ला, टाटा महराज, पंडित दुर्गेश महाराज, सुनील शुक्ला, स्वप्नील शुक्ला, कमल सोनी, राजेश शुक्ला, पिंकू अवस्थी, प्राचल चौबे, गौरव तिवारी, कमलकांत तिवारी, पार्षद शहजादी कुरैशी, अमित तिवारी, बाटू सिंग, मध्य नगरी कार्यकारणी के अध्यक्ष लकी त्रिपाठी, राजा शर्मा, सुनील मिश्रा, जय शर्मा, पिंटू सोनी, कैलाश सोनी, देवांश अवस्थी, मोहन अवस्थी, गोलू जलवा, प्रमोद सिंग, प्रिंस, पप्पू दुबे, लालू कंपनी गार्डन के टाइगर ग्रुप और सभी मित्रगण उपस्थित रहे।



30- JULY- BSP- P- 3 ZIN_Layout 1 7/30/2026 1:12 PM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## सावन के पहले दिन भक्तों ने की पूजा,पहला सोमवार 3 को

श्रावण माह की शुरूवात गुरुवार से हो गई है, श्रावण माह के पहले दिन शिव मंदिर में प्रात: पट खोले गए भगवान के पूजन का क्रम शुरू हुआ जो दिनभर चलता रहा। मंदिर में भगवन वीर भद्र, चांदी द्वार, मान भद्र, नंदी, गणेश सहित शिव परिवार और भगवान के सभी गणों का पूजन हुआ। भगवान महाकाल पर अभिषेक किया और फिर पुजारी आरती सम्पन्न की।

**बिलासपुर।** तत्पश्चात भगवान का भांग, चंदन, पुष्प, सूखे मेवे से श्रृंगार किया गया इसके पश्चात भक्तों ने दर्शन लाभ दिए. पूरे मंदिर परिसर में ॐ नमः शिवाय, जय श्री महाकाल की गूंज सुनाई देती रही, भगवान को मिष्ठान व अन्य भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। हिंदू धर्म में सावन महीने का विशेष महत्व है, यह महीना भगवान शिव को समर्पित है और शिव भक्त पूरे महीने श्रद्धा और भक्ति के साथ भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते हैं। सावन के पहले सोमवार का व्रत 3 अगस्त को किया जाएगा मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने, जलाभिषेक करने और व्रत रखने से जीवन में सुख-शांति आती है। सावन महीने की शुरुआत 30 जुलाई को हिंदू पंचांग के अनुसार हो गई है। यह पवित्र महीना 28 अगस्त को पूर्णिमा तिथि के दिन समाप्त होगा। इस बार सावन का महीना कुल 31 दिनों का रहेगा।




## आयोजन
### आफिसर्स क्लब में महिलाओं ने किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला आफिसर्स क्लब द्वारा गुरुवार को क्लब परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न फलदार पौधे रोपित कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ तरल गर्ग, निकिता अग्रवाल, सोनिया सर्वे, उषा भांगे, भारती दीक्षित तथा अलका अग्रवाल सहित अन्य सदस्यो ने मौसंबी, अमरूद एवं आम के पौधे लगाए। इस अवसर पर सभी ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया।महिला आफिसर्स क्लब की पदाधिकारियों ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आग्रह किया।

## सावन महोत्सव व महा रुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ प्रारंभ

सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में पूज्य गुरुदेव भगवान के आशीर्वाद एवं पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज के सान्निध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपरा के अनुरूप संपन्न हुआ। इस दौरान आयोजित गुरु पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने गुरुदेव का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

गुरु पूर्णिमा पर ही सावन महोत्सव एवं श्री महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। यह दिव्य आयोजन 28 अगस्त तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि श्री पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ का शुभारंभ 13 जुलाई से हो चुका है, जो प्रतिदिन वैदिक विधि-विधान के साथ निरंतर संपन्न हो रहा है। सावन महोत्सव के दौरान यह महायज्ञ महारुद्राभिषेक एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ नियमित रूप से जारी रहेगा। प्रतिदिन प्रातः 9 से दोपहर डेढ़ बजे तक श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का वैदिक मंत्रों के साथ महारुद्राभिषेक होगा। दोपहर डेढ़ बजे महाआरती की जाएगी।

इसी प्रकार प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से मध्यरात्रि साढ़े 12 बजे तक श्री पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ व महाआरती की जा रही है। मंदिर समिति ने सावन महोत्सव, श्रीमहारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ, श्री पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ में परिवार सहित सहभागी बनकर भगवान शिव, मां पीतांबरा का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह श्रद्धालुओं से किया है।

### पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर गुरु पूजन
#### महादेव का दर्शन, पूजन पुण्यदायी

पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि शास्त्रों में पारदेश्वर शिवलिंग को अत्यंत दिव्य एवं दुर्लभ माना गया है। श्री पीतांबरा पीठ में स्थापित श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का दर्शन, स्पर्श, पूजन एवं अभिषेक अत्यंत पुण्यदायी है। श्रावण मास में वैदिक मंत्रों के साथ होने वाला महारुद्राभिषेक रोग, शोक, मानसिक तनाव तथा नकारात्मक शक्तियों के प्रभाव को दूर कर जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करता है।



## स्पोर्ट्स
### ज्ञानेश्वरी यादव ने जीता रजत पदक यादव महासभा ने दी बधाई

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ यादव समाज की होनहार बेटी ज्ञानेश्वरी यादव ने कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अखिल भारतवर्षीय



यादव महासभा, जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें मुख्य रूप से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस में सब इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत ज्ञानेश्वरी यादव ने अपनी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी यह शानदार सफलता पूरे देश और यादव समाज के लिए अत्यंत गर्व और गौरव का विषय है।इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव और युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। साथ सभी पदाधिकारियों ने ज्ञानेश्वरी यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे इसी तरह निरंतर सफलता की नई ऊंचाइयों को छूती रहें।

## विद्यानगर में चल रही शिव महापुराण कथा
### जीवन बदल कर रख देता है सत्संग : पं. पकंज भूषण



सत्संग जीवन बदल कर रख देता है। संगति का व्यापक असर रहता है। तुलसीदासजी कहते हैं कि जहां कथा होती है वहां से बड़ी गंगा नहीं होती है।ब्राम्हणों द्वारा किया गया गलत कर्म व अपराध अक्षम्य है। भगवान शिव पूर्व में किए कष्टों को दूर कर देते हैं। मनुष्य शरीर पाकर गलत काम करने पर इंसान नरक में जाता है। जहां बचने का कोई रास्ता नहीं रहता । जहां प्रकाश न हो केवल अंधकार हो वही नरक है।



**बिलासपुर।** ये बातें विद्यानगर स्थित शिव मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा में कथा वाचक पं. पकंज भूषण मिश्रा ने गुरुवार को चंचुली शिव कृपा की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही।

उन्होंने बताया कि एक गांव में बिंदुक नाम का ब्राम्हण अपनी पत्नी चंचुला के साथ रहता था। उसने कभी वेद को नहीं देखा, सत्कर्म नहीं किया। उसके घर से पूजा की घंटी की आवाज नहीं आती थी। पूरे गांव में सत्संग करने वाला नहीं था। उनके द्वारा न कोई गौ सेवा और न ही कोई अन्य सेवा की जाती थी। ऐसे गांव में सदाचार की तलाश व चरित्र की बात करना बेमानी है। समय बीतते गया एक दिन उनकी विंध्याचल पर्वत में मृत्यु हो जाती है। मृत्यु के बाद वह पिशाच बन गया। इससे उसे भूख, प्यास लगती रहती थी और शरीर में भयंकर कष्ट होता था। पति की मृत्यु के बाद चंचुली ने एक शिवालय में शिव पुराण की कथा सुनी। निरंतर भगवान शिव के ध्यान व कथा के प्रभाव से उसका हृदय शुद्ध हो गया। मृत्यु के बाद उसे शिव लोक में स्थान मिला। उन्होंने अपने पति की मुक्ति के लिए उसे भी शिव पुराण की कथा सुनाई। इससे उसके सभी पाप नष्ट हो गए और पिशाच शरीर त्याग कर एक दिव्य रूप धारण कर लिया। इसके बाद भगवान शिव ने उसे अपने गणों में शामिल कर लिया। जिनका नाम नंदीकेश्वर पड़ा।

#### करें पहले गणेश की पूजा

कथा वाचक पंडित मिश्र ने बताया कि जीवन में कोई शुभ काम करने से पहले भगवान गणेश की पूजा करें। भगवान शिव की पूजा करते समय चुटकी अवश्य बजाएं। सबसे बड़े श्रोता भगवान शिव ही हैं। उन्होंने भगवान शिव के अर्ध नारीश्वर बनने की कथा पर भी प्रकाश डाला और बताया कि वे आधे में शिव व आधे में शिवा बने। पूजा प्रभाव में लेने के लिए नहीं भाव से करें। पूजा धर्म प्रदर्शन का विषय नहीं है। भगवान प्रेम के भूखे हैं, इसलिए प्रेम करना सीखें। जिस दिन प्रेम करना सीख जाएंगे उस दिन परमात्मा को पा जाएंगे। प्रेम एक पशु को भी वश में कर लेता है।

#### चंचुली पर थी शिव कृपा

कथावाचक ने बताया कि चंचुला शिव नाम जप रही थी। उस पर शिव कृपा थी। उसे कोई कष्ट नहीं था। उसने श्रद्धा, विश्वास से भगवान शिव की अर्चना की तो दिव्य बन गई। उन्होंने बताया कि सनातनी परंपरा में दाम्पत्य जीवन अटूट है। सुधरना है तो संस्कारों में बंधना सीखें। शिव कथा एक यज्ञ है। जीवन में अच्छा, गलत कर्म करने का परिणाम अवश्य मिलता है।

## डीपीएस स्कूल में स्वरचित कविता में बच्चों ने लिया भाग




**बिलासपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी मौलिक प्रतिभा का प्रदर्शन अत्यंत उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ किया,प्रतियोगिता ग्रुप "एफ" के लिए आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों ने अपनी भावनाओं की प्रस्तुति अत्यंत ही रोचक ,मोहक, शानदार एवं आकर्षक अंदाज़ में दी। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के आधार पर अंग्रेजी स्वरचित कविता पाठ के ग्रुप एफ में नर्मदा सदन से जीविषा सिंह प्रथम, कावेरी सदन से अचिंत्य प्रजापति द्वितीय,रक्षा शुक्ला ब्रह्मपुत्र सदन से एवं अरनव मिश्रा कावेरी सदन से तृतीय स्थान पर रहे। हिंदी कविता पाठ के अंतर्गत अवधि सांघवी गंगा सदन से प्रथम,भव्य शर्मा ब्रह्मपुत्र सदन से द्वितीय ,अक्षरा चौबे नर्मदा सदन से एवं अनुप्रिया दुबे गंगा सदन से तृतीय स्थान पर रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में विंग इंचार्ज मनोज कश्यप, रविंद्र भटनागर एवं सांत्वना प्रसाद ने भी प्रतिभागियों की आत्मिक अनुभूति और भावनात्मक प्रस्तुति की सराहना की। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह मथ एवं आर सी मोहंती ने समस्त प्रतिभागियों के रचनात्मक कौशल एवं प्रतिभा की सराहना की।

कार्यक्रम के निर्णायकों में डेनिस वेजली,मनीषा फ्रांसिस, डॉ रश्मि एवं डॉ सीमा भट्टाचार्या ने महती भूमिका निभाने के साथ ही सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए अपनी मौलिक प्रतिभा से समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सुमधुर कविता पाठ करके मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन माया शर्मा के निर्देशन में वर्तिका अग्रवाल और सावी वासुदेव ने किया। कार्यक्रम की संयोजिका अल्पना मजूमदार भी प्रशंसा की पात्र हैं,जिन्होंने इतने रचनात्मक ढंग से कार्यक्रम का आयोजन किया।

## कार्यक्रम
### कारगिल विजय दिवस पर शौर्य बलिदान को किया गया नमन




**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एल पी पटेरिया ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल राकेश कुमार सिंह बिसेन तथा विशिष्ट अतिथि सूबेदार दत्तात्रेय यादव रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ तारणीश गौतम विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता तथा कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा ने दिया। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरणादायी प्रतीक है। मुख्य अतिथि कर्नल राकेश कुमार सिंह बिसेन ने कारगिल युद्ध का सजीव एवं भावपूर्ण वर्णन करते हुए युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, रणनीति, अनुशासन और सर्वोच्च बलिदान का उल्लेख किया।

## जागरूकता
### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत आर्यावर्त विश्व परिषद द्वारा पौधरोपण



**बिलासपुर।** गीतांजलि पार्क कॉलोनी मंदिर परिसर में विकास समिति के सहयोग से अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं आर्यावर्त विश्व सनातन विकास परिषद के जिला उपाध्यक्ष रीना झा के नेतृत्व में मंदिर में पूजा पाठ हनुमान चालीसा का पाठ के उपरांत 30 देव वृक्ष पौधे बड़, पीपल,बेल, आम, बादाम, तेंदू, चीकू, नींबू, संतरा, मौसंबी इसके अलावा फूल के पौधे गेंदा, गुड़हल, पारिजात, मोगरा आदि पौधा लगवाने के बाद संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष आर्यावर्त सनातन विकास परिषद राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल कुमार घोष, महिला अध्यक्ष एवं आर्यावर्त सनातन विकास परिषद राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष शेफाली घोष, मंगला वार्ड नंबर 13 के पार्षद रमेश पटेल, महामंत्री त्रिदेव रजक, डॉक्टर रमेश चंद्र श्रीवास्तव, संदीप शर्मा, गौरी शंकर कोरी, उपाध्यक्ष रीना झा, रामकली तिवारी, सविता शर्मा, संगीता द्विवेदी, तृप्ति गायकवाड, उमा अहिरवार, रोहित यादव आदि शामिल रहे।

## कार्नर न्यूज

### युवकों में लॉक्ड ब्रेसलेट का क्रेज युवतियों को घड़ी वाले ब्रेसलेट भा रहे
## सजा गिफ्ट बाजार, महानगरों से पहुंचीं नई वैरायटियां, कैफे-रेस्तरां में एडवांस बुकिंग भी शुरू

दोस्ती के रिश्ते को खास बनाने का दिन फ्रेंडशिप डे इस वर्ष 3 अगस्त को मनाया जाएगा। इसे लेकर शहर के युवाओं में अभी से उत्साह नजर आने लगा है। फ्रेंडशिप डे से करीब 3 दिन पहले ही शहर का गिफ्ट बाजार सज गया है। आकर्षक फ्रेंडशिप बैंड, रिंग, ब्रेसलेट, स्पेशल कार्ड और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट खरीदने के लिए युवा बड़ी संख्या में दुकानों का रुख कर रहे हैं।

**बिलासपुर।** इस बार दिल्ली और मुंबई से आई नई वैरायटियां बाजार में आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। दुकानदारों के अनुसार, इस बार डिजिटल फ्रेंडशिप कार्ड की मांग सबसे अधिक है। फ्रेंडशिप डे पर इस बार लॉक बेसलेट सबसे ज्यादा चर्चा में है। दुकान संचालकों के मुताबिक इसे दोस्त की कलाई में लॉक कर उसकी चाबी अपने गले में पहननी होती है। जिसके हाथ में ब्रेसलेट होगा, वह दूसरे दोस्त की मर्जी के बिना इसे नहीं खोल सकेगा। युवतियों के बीच घड़ी वाले ब्रेसलेट की भी अच्छी मांग है, जबकि रबर और लेदर से बने ब्रेसलेट भी पसंद किए जा रहे हैं। इसके अलावा मंतियों से बने बेसलेट, फ्रेंड्स लिखे बेल्ट और वुडन बेल्ट भी युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं। कार्ड्स में फोटो के साथ दोस्ती का विशेष संदेश भी दिया गया है। इसके अलावा फोटो वाले ब्रेसलेट, ब्रोकन हार्ट ब्रेसलेट और लॉक ब्रेसलेट युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। फ्रेंडशिप डे को यादगार बनाने के लिए युवा कैफे और रेस्तरां में भी पहले से बुकिंग करा रहे हैं।



#### फोटो फ्रेम और ग्रुप फोटो वाले केक भी ट्रेंड में

दुकान संचालक ने बताया कि युवा अपने दोस्तों की फोटो वाले स्पेशल फ्रेम बनवा रहे हैं। अब तक आठ से अधिक ऑर्डर मिल चुके हैं। स्पेशल कार्ड के साथ तैयार होने वाले इन फोटो फ्रेम की कीमत 600 रुपये है, जबकि लाइटिंग फ्रेम के लिए 200 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। फ्रेम की कीमत उसके आकार के अनुसार तय की जाती है। इसके अलावा दोस्त अपने ग्रुप फोटो वाले केक भी तैयार करा रहे हैं, जिनके लिए पहले से ऑर्डर दिए जा चुके हैं।

#### दैनिक उपयोग के गिफ्ट की भी बढ़ी मांग

युवा इस बार केवल फ्रेंडशिप बैंड ही नहीं, बल्कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं को भी गिफ्ट के रूप में पसंद कर रहे हैं। बाजार में फोटो फ्रेम विद चॉकलेट, कोटेशन फ्रेम, टेडी बियर, फोटो प्रिंटेड टी-शर्ट, घड़ी, पेन स्टैंड, बेल्ट, पर्स, बैग, परफ्यूम और प्रिंटेड कप जैसे गिफ्ट की मांग बढ़ गई है। दुकानदारों का कहना है कि उपयोगी और यादगार गिफ्ट को युवा इस बार अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं।



#### ब्रोकन हार्ट लॉकेट भी खूब पसंद किए जा रहे



दोस्ती को यादगार बनाने के लिए इस बार ब्रोकन हार्ट डिजाइन वाले लॉकेट और रिंग की मांग भी बढ़ी है। इनकी खासियत यह है कि दिल का आधा-आधा हिस्सा दोनों दोस्तों के पास रहता है और साथ आने पर पूरा दिल बन जाता है। इनकी कीमत 500 रुपये तक है।

30 -JUIY -REGIONAL-pg-4 -COMMON_Layout 1 7/31/2026 12:03 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### आज गूंजेंगे मोहम्मद रफी के अमर नगमें



**गौरेला।** गायक मोहम्मद रफी की याद में गौरेला में द रियल म्यूजिक लवर ग्रुप के तत्वावधान में मो. रफी नाइट ट्रिब्यूट तो लेजेन्ड कार्यक्रम 31 जुलाई को होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश प्रधान, संजय राजपूत, प्रदीप कुमार, सनी श्रीवास्तव, साजन पाठक, अभिजीत पाठक, पंकज जैन, रितेश गुप्ता, रुपेश गुप्ता, ऋषभ प्रधान, प्रिया वर्मा, चित्ररेखा, विकास त्यागी, मोहन गुप्ता की टीम सक्रिय है। रियल म्यूजिक लवर के सदस्यों का कहना है कि नई पीढ़ी को रफी साहब के गीतों से जोड़ना और संगीत प्रेमियों को एक मंच देना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

### प्रदेश महासचिव बने शंकर, शुभम सचिव



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के संगठन विस्तार के अंतर्गत जिले के दो युवा नेताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। जिले के वरिष्ठ आदिवासी नेता शंकर कंवर को प्रदेश महासचिव तथा युवा नेता शुभम पेंद्रो को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।

### स्कूलों के पास तंबाकू बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**मुंगेली।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर कुन्दन कुमार जिले में तंबाकू नियंत्रण कानून (कोटपा एक्ट–2003) का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रवर्तन दल ने मुंगेली विकासखंड के ग्राम छटन में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास संचालित दुकानों का निरीक्षण कर कोटपा एक्ट 2003 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की। अभियान के दौरान प्रवर्तन दल ने स्कूल के समीप स्थित 20 दुकानों का निरीक्षण किया। इनमें 08 दुकानदारों को नियमों की जानकारी देकर चेतावनी दी गई, जबकि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 12 दुकानदारों पर कुल 1,200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस अभियान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की औषधि निरीक्षक किरण सिंह, ओम साहू, रीना वर्मा तथा बलराम सिंह साकेत ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## निधन

### द्रोपती रजक



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर धोबी मोहल्ला निवासी द्रोपती रजक का 30 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को सुबह 11 बजे दयालबंद मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अरुण रजक की पत्नी, अनिल, रंजीत, रामावतार, कृष्णा रजक व रोशनी चेतन गुजर की मां थीं।

### सुमन दाबड़कर



**बिलासपुर।** तोरवा जेजे हॉस्पिटल के पास रहने वाली सुमन दाबड़कर का 30 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 जुलाई को सुबह 11:30 बजे तोरवा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रकाश जोशी, अनिल जोशी एवं अरुण जोशी की सास थीं।

## 60 लाख में बने भवन की छत से टपकने लगा पानी

# उद्घाटन के पहले ही तहसील भवन की दीवारों पर आई दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

तहसील परिसर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा लगभग 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन तहसील भवन उद्घाटन से पहले ही निर्माण संबंधी कई गंभीर खामियों को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है। सबसे बड़ी हैरानी की बात यह है कि इतनी महत्वपूर्ण शासकीय इमारत में छत तक पहुंचने के लिए स्थायी सीढ़ी का ही प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे में भविष्य में छत की मरम्मत, निरीक्षण या रखरखाव के लिए कर्मचारियों को अस्थायी लोहे या लकड़ी की सीढ़ी का सहारा लेना पड़ेगा।

- कलेक्टर के निर्देशों की भी अनदेखी, वाटरप्रूफिंग नहीं

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी भवन के डिजाइन में इतनी बुनियादी सुविधा का अभाव विभागीय इंजीनियरों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना है कि यह इंजीनियरिंग की चूक है या फिर लागत बचाने के लिए डिजाइन में ही सीढ़ी का प्रावधान नहीं रखा गया, इसकी तकनीकी जांच होनी चाहिए। भवन का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन पहली ही बारिश में इसकी छत कई स्थानों से टपकने लगी। भवन के विभिन्न कमरों में पानी रिसने के साथ-साथ कई जगह दीवारों में दरारें भी दिखाई दे रही हैं। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में तहसील एवं न्यायालय से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों को भी नुकसान पहुंच सकता है। बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 10 जुलाई 2025 को निर्माणाधीन तहसील भवन का निरीक्षण किया था। उस दौरान भी छत से पानी टपकने की शिकायत सामने आने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए मौके पर उपस्थित हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को तत्काल वाटरप्रूफिंग कराने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों ने निर्देशों का प्रभावी पालन नहीं किया। नतीजतन इस वर्ष भी बारिश के दौरान भवन की छत कई स्थानों से टपक रही है। इससे यह प्रश्न उठ रहा है कि जिला प्रशासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद आवश्यक सुधार कार्य क्यों नहीं कराया गया।





### निर्माण में उठ रहे हैं कई सवाल

60 लाख रुपये की सरकारी इमारत के डिजाइन में छत तक पहुंचने के लिए सीढ़ी का प्रावधान क्यों नहीं किया गया। कलेक्टर के निर्देश के बावजूद वाटरप्रूफिंग का कार्य क्यों अधूरा रहा। निर्माण की गुणवत्ता की जिम्मेदारी किसकी है। क्या पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। नवीन तहसील भवन में सामने आई इन खामियों ने न केवल निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि विभागीय निगरानी और जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। उद्घाटन से पहले ही भवन की स्थिति ने सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर बहस छेड़ दी है।

### 5 मई को होना था उद्घाटन

नवीन तहसील भवन का उद्घाटन 5 मई को प्रस्तावित था। उद्घाटन की तैयारियां अंतिम चरण में थीं, टेंट लगाने का कार्य चल रहा था और आमंत्रण पत्र भी छप चुके थे। हालांकि, उद्घाटन से एक दिन पहले शाम को किसी कारणवश कार्यक्रम को अचानक स्थगित कर दिया गया। अब अधिकारियों द्वारा 15 अगस्त से पहले भवन का उद्घाटन कराने की तैयारी की जा रही है।

### रिपोर्ट मंगाएंगे

सीपत तहसीलदार के माध्यम से मैं इसकी रिपोर्ट लेता हूं। यदि ऐसा है तो संबंधित विभाग के इंजीनियरों और ठेकेदारों से बात करता हूं।

-शिवकुमार कंवर,
एसडीएम, मस्तूरी



**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ तखतपुर क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह ने नई दिल्ली में सांसद कंगना रनौत से मुलाकात की।

## सावन के प्रथम दिन पातालेश्वर महादेव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



**मल्हार।** शिव आराधना का पवित्र माह सावन के प्रथम दिन नगर के प्रसिद्ध पातालेश्वर महादेव मंदिर में सैकड़ो भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजन किया। महिलाओं ने गंगा जल, बेलपत्र, दूध, भांग, धतूरा, कनेर, आंक, चावल, आदि पूजन सामग्रियों से पूजा कर भगवान भोलेनाथ से मनवांछित फल की कामना की। शिव की नगरी मल्हार में सावन के प्रथम दिन से अंतिम दिन तक ऐसे ही भक्तों की भीड़ रहेगी। आगामी सोमवार से भक्तों का रेला यहां देखने को मिलेगा। सोमवार को भगवान शिव का विशेष वार होने के कारण अधिकांश भक्त इसी दिन आकर पूजन अर्चन करते है। सावन के प्रत्येक सोमवार को यहां के पौराणिक महत्व के सरोवरों में सैकड़ो भक्त डुबकी लगाकर उस जल से महादेव का जलाभिषेक भी करते है। मान्यता है कि यहां के परमेश्वरा तालाब में भगवान राम स्नान करने के बाद भगवान पातालेश्वर में जलाभिषेक किए थे, इसी मान्यता को ध्यान में रखते हुए आज भी इस पवित्र सरोवर में श्रद्धालु डुबकी लगाते है। इसी तरह प्रसिद्ध देउर मंदिर में भी शिवभक्तों ने दर्शन लाभ लिया।



## धरदेही के पास अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, खलासी की मौत, चालक घायल

**पथरिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेही के पास गुरुवार दोपहर को एक सड़क हादसे में ट्रक पलटने से कंडक्टर की मौत हो गई। हादसे में ट्रक चालक भी घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक एमपी 16 जेडबी 2645 गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे सरगांव से पथरिया की ओर आ रहा था। ग्राम धरदेही के पास अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और ट्रक सड़क के नीचे खेत मे पलट गया। हादसे के दौरान कंडक्टर ट्रक के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। ट्रक में भारी मात्रा में लोहा लोड़ होने से नीचे दबे शव को निकालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।थाना प्रभारी गिरजा शंकर यादव ने बताया कि ट्रक के नीचे दबने से एक व्यक्ति की जान चली गई है। क्रेनो की सहायता से मृत व्यक्ति की शव को निकाला गया है। मृत व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

## पड़ाव चौक से चतरखार तक सड़क जर्जर पानी से भरे गड्ढे, आवागमन प्रभावित



**मुंगेली।** पड़ाव चौक सेंट जेवियर्स स्कूल से लेकर चातरखार तक की जर्जर सड़क एवं गड्ढों में पानी भरे रहने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में गड्ढों एवं उसमें भरे पानी के चलते मोटर साइकिल एवं ऑटो से स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को आए दिन दुर्घटना का भय बना रहता है। सड़क की स्थिति को देखकर नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सड़क के गड्ढो को पाटे जाने की मांग अधिकारियों से की है।

जिला मुख्यालय में पड़ाव चौक सेंट जेवियर्स स्कूल राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच–130 की हालत खस्ताहाल स्थिति ने आम नागरिकों का जीवन त्रस्त कर दिया है। मुंगेली से पंडरिया–कवर्धा को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क लंबे समय से जर्जर है, जिस पर बड़े–बड़े गड्ढे होने से लोगों की सुरक्षा और सुविधा दोनों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं। इस मार्ग पर आवागमन लगातार कठिन और जोखिम भरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सड़क पिछले वर्ष बरसात के मौसम के पहले ही खराब हो चुकी थी, लेकिन बावजूद इसके अब तक कोई स्थाई मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ। जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन और संबंधित विभागों तक, किसी ने भी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया है। स्थानीय नागरिकों एवं व्यवसायियों ने शासन–प्रशासन से मांग की है कि एनएच–130 के मरम्मत और पुनर्निर्माण नही हो रहा है तब तक गड्ढे.एवं कीचड़ युक्त सड़क पर गिट्टी आदि से लेबलिंग कर दें जिससे दुर्घटना का भय ना बना रहे।

## दगोरी में श्रावणी रामायण कथा का शुभारंभ



**दगोरी।** बाजार चौक दुर्गा समिति तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सावन माह के प्रथम दिन से श्रावणी रामायण कथा शुरू की गई। इसमें गणमान्य जन, आयोजन समिति, मानस मंडलियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मानस चिंतक द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम कथा का रसपान कराते हुए उनके आदर्श, चरित्र को जीवन में उतारने तथा चलने की बातो पर बल दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख गणमान्य जनों में एडवोकेट श्यामता प्रसाद सन्नाट, आकाशवाणी कलाकार मथुरा निषाद, पूर्व सरपंच बिंदा निषाद, बैसाखू निषाद, छन्नूराम निषाद, बजरहा राम, मनीराम निषाद, विश्राम दास, कौशल ध्रुव, नैनदाश मानिकपुरी, माधोराम, जगदीश साहू, बसंत निषाद, भागीरथी, दूजराम यादव, बुधारु निषाद सहित मानस मंडली, आयोजन समिति सदस्य, श्रोता, ग्रामवासी उपस्थित रहे। विदित हो कि यहां हर वर्ष सावन के मास में प्रतिदिन संध्या 3 बजे से रामकथा का आयोजन होता आ रहा है।

## रतनपुर-पेंड्रा मार्ग बदहाल, कांग्रेस ने दी चक्काजाम की चेतावनी





**रतनपुर।** रतनपुर-पेंड्रा मुख्य मार्ग की जर्जर हालत को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर ने गुरुवार को रतनपुर तहसीलदार के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोटा को ज्ञापन सौंपकर सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि सात दिनों के भीतर सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो जनहित में चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया कि गांधीनगर महामाया मंदिर बायपास के समीप स्थित रतनपुर–पेंड्रा मुख्य मार्ग लंबे समय से गड्ढों में तब्दील हो चुका है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि आम नागरिकों का आवागमन मुश्किल हो गया है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग पर आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान रतनपुर तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उन्होंने इस संबंध में एसडीएम कोटा से चर्चा कर मामले के शीघ्र निराकरण करेगें। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, रियाज खोखर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शीतल जायसवाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आनंद जायसवाल, मदन कहरा, जितेंद्र कश्यप, पार्षद पुष्पकांत कश्यप, पार्षद रामफल श्रीवास, संतोष सोनी, रामगोपाल कहरा, संजय जायसवाल, यासीन खान, राकी अनुरागी सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**न्यायाल तहसीलदार कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र–ब–121/25–26
ग्राम––खुरदूर

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं हितबद्ध पक्षकार ग्राम खुरदूर प.ह.न. 09 रा.नि.म. कोटा तहसील कोटा जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक रितिक कुमार पिता श्री त्रिलोचन यादव निवासी खुरदूर द्वारा अपने दादा बलीराम यादव की मृत्यु दिनांक 10/01/07 को ग्राम खुरदूर में होने का प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त सबंध में जिस किसी भी व्यकित को यदि कोई आपत्ति हो तो वह मेरे न्यायालय मे दिनांक 05/08/26 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मे प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही होगा।

आज दिनांक 28/7/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर द्वारा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, कोटा**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुकेश पटेल उम्र 54 वर्ष पिता स्व. रामजी पटेल निवासी बाबजी पार्क, रिंग रोड़ नं. 2 जिला बिलासपुर, तहसील बिलासपुर थाना सिविल लाईन, बिलासपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरे द्वारा श्री सहेत्रु सिंह पिता फूल सिंह निवासी भिलाई की कृषि भूमि खसरा नंबर 249/1, कुल रकबा 0.33 एकड़ (33 डिसमिल), ग्राम–झागरकापा, तहसील–सरगांव, जिला–मुंगेली (छ.ग.) स्थित जिसका सौदा खरीदी कर बतौर बयाना राशि दी जा चुकी है।

अतः उक्त सौदे के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, बैंक व अन्य को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करावें उक्त समयावधि के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जानें।

भवदीय
श्री मुकेश पटेल
पिता स्व. रामजी पटेल बॉबजी पार्क,
रिंग रोड़ नं. 2, बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**

क्रमांक / कार्यालय / रा.नि./क्यू.
20..... कोनी/ दिनांक 28/07/2026

1. मयंक खण्डेलवाल 2. सलीम खान 3. अशोक संगेवार 4. पटेल जी 5. अशोक 6. राम तिरीथ 7. पुष्पा अन्य संबंधित पक्षकार राजु यादव, सुनील मिश्रा।

विषय:–सीमाकन में उपस्थित होने बाबत सूचना पत्र।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम खमतराई प.ह.नं. 25 राजस्व निरीक्षक मंडल–कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नम्बर 94/34 रकबा क्रमशः 0.0972 हे. के सीमाकन हेतु छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन हेतु दिनांक 5/08/26 को समय 11.00 से 5.00 बजे के किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. कोनी**
**तहसील - बिलासपुर**

**// ईश्तहार //**

मेरे मुवक्कील की भूमि अशोक दिनकर पिता लखन लाल, सुनील पिता बहोरन, जानकी बाई उर्फ फुलेशरी पति लखन लाल खसरा नं. क्रमशः 503/3, 503/2, 503/4 रकबा क्रमशः 0.50, 0.50 ग्राम भुरकुण्डा तहसील पचपेड़ी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसे देवकुमार परगनिहा पिता गंगाराम परगनिहा ग्राम व पो. रसेड़ा तहसील व जिला बलौदा बाजार छ.ग. के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना दिया है जो निकट भविष्य में रजिस्ट्री होने वाला है।

जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था या फर्म को आपत्ति हो अधिवक्ता या पक्षकार से 15 दिवस के भीतर संपर्क कर सकते है बाद में आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

दिनांक 29.07.2026

भवदीय
चन्द्रशेखर जॉगड़े, अधिवक्ता
मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

## डाइट में दो दिवसीय विज्ञान कार्यशाला संपन्न

# राष्ट्रीय विज्ञान गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने पर दिया जोर

**पेंड्रा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी के निर्देशन एवं डाइट की प्राचार्य ममता चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि समन्वयन बनमाली प्रसाद वासुदेव ने किया।

कार्यशाला के प्रथम दिवस हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विज्ञान व्याख्याताओं तथा द्वितीय दिवस माध्यमिक विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों को इंस्पायर अवार्ड–मानक, नेशनल साइंस सेमिनार, नेशनल चिल्ड्रन्स साइंस कांग्रेस एवं नेशनल चिल्ड्रन्स साइंस फेयर से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में प्राचार्य ममता चक्रवर्ती, प्राचार्य मोनिका जैन, प्राचार्य नरेंद्र तिवारी, मॉडल ऑफिसर डॉ. राहुल गौतम तथा जिला सांख्यिकी अन्वेषक मुकुंद अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की भावना विकसित करने पर बल देते हुए शिक्षकों से राष्ट्रीय विज्ञान गतिविधियों में अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान हरिशंकर शर्मा, अभिषेक कुमार शर्मा, राहुल कोरी, सूरज बिसेन एवं विकास कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न राष्ट्रीय विज्ञान कार्यक्रमों की पंजीयन प्रक्रिया, विषय चयन, नवाचार आधारित परियोजना निर्माण, ऑनलाइन प्रविष्टि, वैज्ञानिक पद्धति एवं मूल्यांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। दो दिवसीय कार्यशाला में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों एवं व्याख्याताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग)**
**ईश्तहार / नोटिस / समंस**

क्र./Q/अ.वि.अ/ रीडर–1/2025
तखतपुर दिनांक 29.07.2026
अपील प्रकरण क्रमांक–202402076400056/0752/apl/अ 27/2024–25

अशोक पाण्डेय पिता मुनीप्रसाद पाण्डेय निवासी मोढ़े तहसील:– तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)
विरूद्ध
अरूण कुमार पिता मुनीप्रसाद वगै. निवासी मोढ़े तहसील:– तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

प्रति, 1. अरूण कुमार पिता मुनीप्रसाद 2. डोवेद कुमार पिता मुनीप्रसाद दोनो निवासी मोढ़े तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) 3. अनिता पुत्री मुनीप्रसाद पति गोकुल पाण्डेय निवासी देवरी पंधी तहसील सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. रमिता पुत्री मुनीप्रसाद पति मोतीलाल तिवारी निवासी पाठकपारा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) 5. अनिल कुमार पिता मुनीप्रसाद निवासी मोढ़े तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

अपीलार्थी अशोक पाण्डेय पिता मुनिप्रसाद निवासी मोढ़े तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) निवासी द्वारा भूमि मोढ़े प.ह.न 29 खसरा 165/1,378 रकबा 0.441, 0.053, हे. कुल 0.494 हे. के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर के प्रकरण क्रमांक 202402076400056/अ 27/2024–25 में पारित आदेश दिनांक 06/05/2025 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील आवेदन पेश किया गया है।

अत: एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/08/2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अनुपस्थित रहने पर अपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**










30 -JUIY -REGIONAL-pg-5 -COMMON_Layout 1 7/31/2026 12:03 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### हाई स्कूल खमहरिया में 36 छात्राओं को बांटी गई साइकिलें



**तखतपुर।** शासकीय हाई स्कूल खम्हरिया में किया गया निःशुल्क साइकिल वितरण। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि साइकिल केवल आना जाने का साधन ही नही है बल्कि यह लक्ष्य को हासिल करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जिस तरह साइकिल को चलाने में हम शारीरिक और मानसिक परिश्रम करते है उसी तरह अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए शरीर के साथ-साथ मन और बुद्धि का उपयोग करते है। खम्हरिया में सरस्वती साईकिल योजना के कक्षा 9वीं के नवप्रवेशित 36 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य महरण लाल कौशिक, सरपंच संजय सोनवानी, शैलेन्द्र कौशिक, एस एम सी अध्यक्ष ओमप्रकाश, उपाध्यक्ष नीता कौशिक, प्राचार्या शोभा भोंसले, अनीता प्रसाद सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सुरेन्द्र बने मुंगेली जिले के पहले कबड्डी नेशनल अंपायर




**जरहागांव।** मुंगेली जिले के खेल प्रशिक्षक, पूर्व कबड्डी खिलाड़ी, राज्य स्तरीय अंपायर तथा वर्तमान में नगर पंचायत जरहागांव के पार्षद एवं सभापति सुरेन्द्र कश्यप ने भारतीय कबड्डी महासंघ, एकेएफआई द्वारा झारखंड के बोकारो स्टील सिटी में आयोजित नेशनल कबड्डी अंपायर परीक्षा को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण कर नेशनल अंपायर का गौरव प्राप्त किया है। इसके साथ ही वे मुंगेली जिले के पहले नेशनल कबड्डी अंपायर बन गए हैं। यह परीक्षा देशभर के अनुभवी अंपायरों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें खेल के नियमों, तकनीकी ज्ञान, निर्णय क्षमता तथा व्यावहारिक दक्षता का कठोर मूल्यांकन किया गया। अब नेशनल अंपायर बनने के बाद वे राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिताओं में निर्णायक की जिम्मेदारी निभाएंगे, जो पूरे जिले के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

### एबीवीपी ने कलेक्टर से की शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग



**पेंड्रा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जिला कलेक्टर विजय दयाराम के. से मुलाकात कर जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं छात्र-हितैषी बनाने को लेकर चर्चा की। जिला संयोजक श्रेयांश पांडेय ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन का वातावरण तैयार करने, विद्यार्थियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान की आवश्यकता पर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित किया। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने प्रतिनिधिमंडल के सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए आवश्यक एवं सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान नगर सह मंत्री नील नामदेव, श्रद्धा दुबे, शुभम कौशिक, तन्मय शर्मा सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 12 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं डिस्पोजेबल सामग्री जप्त



**मुंगेली।** नगर पालिका परिषद द्वारा आज नगर के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध विशेष जांच एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया। लगभग 12 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं डिस्पोजेबल सामग्री जप्त की गई तथा संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार कुल 11,000 का चालान किया गया। अभियान के दौरान 'मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर के नेतृत्व में' नगर के विभिन्न बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों में छापामार निरीक्षण एवं कार्रवाई की गई। सघन निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग, डिस्पोजेबल प्लेट, कप, गिलास, चम्मच, तथा अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग एवं विक्रय पाए जाने पर लगभग 12 किलोग्राम प्रतिबंधित पलीथिन एवं डिस्पोजेबल सामग्री जप्त की गई तथा संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार कुल 11,000 का चालान किया गया। अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद की टीम में सहायक अभियंता विद्यानंद मधुकर यादव, उप अभियंता नेमीचंद वर्मा, पीआईयू दीपक साहू तथा राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 2.85 करोड़ में निर्मित भवन का 20 जुलाई को हुआ था लोकार्पण

# पहली ही बारिश में आत्मानंद स्कूल की छत से टपकने लगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

करोड़ों रुपए की सरकारी राशि से तैयार किए गए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय के नवीन भवन की हकीकत पहली ही बारिश ने उजागर कर दी। भवन की छत पर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जलभराव हो रहा है और छत से पानी टपकने लगा है।

- बाउंड्रीवाल, रसोईघर व अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव

नगर पंचायत सरगांव के वार्ड क्रमांक 1 खपरी रोड स्थित इस स्कूल भवन का ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा 2 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। भवन का लोकार्पण 20 जुलाई को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया था, लेकिन पहली ही बारिश ने निर्माण गुणवत्ता की पोल खुल गई। लोकार्पण के दौरान कक्षाओं की छतों से पानी टपकने और सीपेज की समस्या दिखाई दी। भवन की छत पर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जलभराव हो रहा है और उसका सीधा असर कक्षाओं की छतों पर दिखाई दे रहा है। विद्यालय में अब तक बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं किया गया है। विद्यालय से कुछ दूरी पर शराब दुकान संचालित होने के कारण अभिभावक बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मध्यान्ह भोजन के लिए रसोईघर का अभाव और परिसर में नियमित साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं है। 2.85 करोड़ रुपए की लागत से बने इस प्रोजेक्ट में बच्चों की सुरक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्था तक अधूरी छोड़ दी गई है। विद्यालय परिसर में अब तक बाउंड्रीवाल निर्माण को स्वीकृति नहीं मिली है। जिससे बाउंड्रीवाल (अहाता) का निर्माण नहीं कराया गया है, पूरा परिसर खुला पड़ा है। इससे असामाजिकतत्वों, आवारा मवेशियों के साथ-साथ सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीव-जंतुओं के विद्यालय परिसर में प्रवेश का खतरा बना रहता है। अभिभावक आरिफ ख़ान का कहना है कि छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह उदासीन नजर आ रहा है। वहीं विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र की नियमित साफ-सफाई भी नहीं कराई गई है। परिसर में उगी झाड़ियां और अनचाहे पेड़-पौधे संभावित खतरे को और बढ़ा रहे हैं।



**2 किमी दूर से आता है मध्यान्ह भोजन**

नवीन स्वामी आत्मानंद विद्यालय भवन में मध्यान्ह भोजन तैयार करने के लिए रसोईघर का निर्माण नहीं किया गया है। मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिला ने बताया कि रसोईघर नहीं होने के कारण भोजन पुराने स्कूल भवन में तैयार करना पड़ता है। इसके बाद प्रतिदिन करीब 2 किलोमीटर की दूरी तय कर भोजन नए विद्यालय भवन तक लाया जाता है, जहां बच्चों को परोसा जाता है। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया में समय, श्रम और अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**स्कूल से 500 मीटर की दूरी पर शराब दुकान**

अभिभावक महेंद्र कुमार साहू ने बताया कि विद्यालय भवन से लगभग 500 मीटर (आधा किलोमीटर) की दूरी पर शासकीय देसी एवं अंग्रेजी शराब दुकान संचालित है। शराब दुकान होने के कारण पूरे दिन इस मार्ग पर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। कई बार नशे की हालत में वाहन चलाने वाले लोग भी इसी रास्ते से गुजरते हैं, जिससे स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। विद्यालय परिसर के आसपास कुछ असामाजिक तत्व बैठकर शराब का सेवन करते हैं, जिससे विद्यार्थियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने और अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

**ठेकेदार को दिए निर्देश**

विद्यालय भवन में सीपेज की समस्या सामने आई है। इसकी मरम्मत के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। लगातार बारिश होने के कारण फिलहाल मरम्मत कार्य नहीं कराया जा सका है। मौसम साफ होते ही सीपेज की समस्या का मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

-विजय मित्र, एसडीओ आरईएस, पथरिया

## जगह-जगह धंसने लगा है 51 लाख रुपए में बन रहा पॉथवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर पालिका द्वारा 51 लाख रूपए की लागत से कराए जा रहे पॉथवे निर्माण गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी नोटिस के बाद भी चल रहे कार्य पर जनप्रतिनिधियों ने गुणवत्ता एवं पेवर ब्लॉक के उद्देश्यों पर सवाल उठाया है। पॉथवे पर लगाया गया पेवर ब्लॉक धंसने एवं उखड़ने लगा है।

- उखड़ने लगे हैं फुटपाथ पर लगाए गए पेवर ब्लॉक

दाऊपारा चौक से कलेक्टर निवास तक फुटपाथ निर्माण कार्य में खामियां मिल रही हैं। उक्त फुटपाथ का निर्माण लगभग 51 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है। जब से निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है, उसी समय से घटिया मटैरियल का उपयोग करने से गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। एक माह पूर्व बनाया गया पॉथवे उखड़ने एवं दबने लगा है। पॉथवे के किनारे पर किए गए सीमेंटीकरण में घटिया निर्माण के चलते दरारें नजर आ रही हैं। निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय नागरिक एवं पार्षदों द्वारा भी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे। इसके बाद नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई गंभीर कमियां सामने आईं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया था कि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई स्थानों पर लगाए गए पेवर ब्लाक धंस चुके हैं। जिससे फुटपाथ की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा पेवर ब्लाक बिछाने से पहले तैयार किए जाने वाले बेस का कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। कार्य को रोका गया। पूर्व में निर्माण कार्य करने में घटिया रेत का इस्तेमाल किया जा रहा था। वर्तमान में क्रसर डस्ट का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की टिकाऊ क्षमता प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में इंजीनियर श्री नेमी का कहना है कि गिट्टी के इस बुरादे का उपयोग किया जा सकता है इससे पेवर ब्लाक धंसेगा नहीं और मजबूती आएगी।



**दिए गए हैं निर्देश**

पॉथवे निर्माण में अनियमितिता की शिकायतें मिली थी। इस संबंध में संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिया गया था। संबंधित इंजीनियर को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

–होरी सिंह ठाकुर, सीएमओ मुंगेली

### मलेरिया रोकथाम पर सख्त कलेक्टर

**मुंगेली।** जिले में मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित स्वान कक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में मलेरिया के मामलों पर पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में एक भी मलेरिया का मामला नहीं आना चाहिए। यदि लापरवाही के कारण संक्रमण फैलता है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में मलेरिया रोकथाम के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील गांवों की पहचान कर विशेष अभियान चलाने, आशा, मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर–घर सर्वे कराने, प्रत्येक बुखार पीड़ित की तत्काल जांच एवं समयबद्ध उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एनटीपीसी में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर



**सीपत।** बारिश के मौसम में मलेरिया, डेंगू सहित अन्य संक्रामक बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) इकाई, एनटीपीसी सीपत में जिला चिकित्सालय बिलासपुर के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। शिविर में सीआईएसएफ के जवानों एवं उनके परिवारजनों को मौसमी बीमारियों के लक्षण, बचाव और समय पर उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. बी.के. वैष्णो ने कहा कि वर्षा ऋतु में मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। इनसे बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता, स्वच्छता और समय पर उपचार है। उन्होंने सभी से अपने घरों और आसपास पानी जमा नहीं होने देने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की। मुख्य वक्ता एवं जिला मलेरिया रोकथाम सलाहकार डॉ. कृष्णा कुमारी ने जवानों को सरल भाषा में मलेरिया एवं डेंगू जैसी बीमारियों के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी दी। इकाई प्रमुख उपकमांडेंट कपिल सुधाकर कामडी ने कहा कि जवानों और उनके परिवारों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सीआईएसएफ इकाई में समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

- सीआईएसएफ जवानों को मौसमी बीमारियों के प्रति किया सतर्क

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

थाना क्षेत्र की बस्ती भेड़ीमुड़ा, वार्ड क्रमांक 8 निवासी पुन्नी धीवर उर्फ बोदा (36 वर्ष), पिता संतराम धीवर की गुरुवार सुबह करंट लगने से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।



जानकारी के अनुसार, पुन्नी धीवर गुरुवार सुबह करीब 10 बजे अपने घर से बकरी चराने निकला था। वह अपने साथ एक लंबी डांगनी (बांस) लेकर गया था, जिसके सिरे पर बकरियों के लिए पेड़ों से पत्तियां काटने हेतु हंसिया बंधा हुआ था। जब वह आठा बिसा तालाब के पास पहुंचा, तभी डांगनी ऊपर से गुजर रही बिजली की सप्लाई लाइन के संपर्क में आ गई। इससे उसे तेज करंट का झटका लगा और वह मौके पर ही गिर पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में तीन छोटी बेटियां और एक बेटा है। कमाने वाले सदस्य की अचानक मौत से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

## बुढ़ीखार स्कूल में जनसहयोग से बने दो अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

हायर सेकेंडरी विद्यालय बुढ़ीखार में जनसहयोग से निर्मित दो अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण बुधवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मां सरस्वती एवं गुरुदेव वेदव्यास के छायाचित्र पर पूजन के पश्चात प्राचार्य काशीराम रजक ने स्वागत एवं अभिनंदन उद्बोधन के साथ अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता, प्रार्थना शेड की आवश्यकता पर कलेक्टर से निवेदन किया।




अपने उद्बोधन में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि इस कार्य के लिए प्राचार्य शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत के सदस्य, नागरिक, पूर्व छात्र, प्रधान पाठक, शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित रूप से आज गुरु पूर्णिमा का दिन बुढीखार के लिए इस स्मरणीय होगा, जो काम आज यहां के लोगों ने प्राचार्य की अगुवाई में किया है सभी को ऐसे कार्य करने चाहिए इससे सामाजिक एकता, जन समुदाय के प्रति जागरूकता की भावना को बल मिलती है। कलेक्टर ने स्कूल परिसर को देखकर के यहां के स्वच्छता, बच्चों की प्रवीणता सूची के फ्लेक्स, परिसर के रंग रोगन, पौधरोपण की सराहना की साथ ही उन्होंने 2026 के परीक्षा परिणाम की प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यहां मेहनती शिक्षक ,अच्छे लोग निवास करते हैं इसलिए अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने कहा नशाखोरी हमारे भविष्य को बर्बाद करने के लिए तैयार है इसलिए हमें अपने बच्चों को अपने समाज के लोगों को नशाखोरी से मुक्त रखना होगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने लगभग 50 दानदाताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रेरणादायी पहल बुढीखार से प्रारंभ हुआ है। इससे आसपास के संस्थाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उपस्थित सरदार तारासिंह बुद्धसिंह के वंशज पौत्र डां तविन्दरपाल सिंह अरोरा, प्रपौत्र डां नवदीप सिंह अरोरा के शिक्षा के प्रति समर्पण दान की प्रशंसा की। सेवा सम्मान प्राप्त कर्मचारियों में अभिषेक खुंटे भृत्य, बीरबल प्रसाद थवाईत प्रधान पाठक, प्रकाश कुमार कौशिक व्याख्याता, कल्पना टंडन व्याख्याता के साथ संस्था के प्राचार्य काशीराम रजक को भी उनके उत्कृष्ट प्रेरणादायक कार्य के लिए सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।



## संत रविदास ने समाज को दिया समरसता का संदेश: धरम

**बिलासपुर।** संत गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत उनकी जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) से भरे कलश का बिलासपुर आगमन हुआ। कलश का भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैण्ड चौक पर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन के माध्यम से समाज को समानता, भाईचारे, प्रेम और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पांति एवं ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर समरस समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को एकजुट करने और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती हैं। जन्मस्थली की पवित्र मिट्टी से भरा यह कलश केवल श्रद्धा का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक चेतना का भी संदेशवाहक है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि आदि मौजूद थे।

### अंधकार को मिटाने का पर्व है गुरु पूर्णिमा



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में गुरु पूर्णिमा मनाया गया। बच्चों ने शिक्षकों को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के सम्मान कृतज्ञता तथा आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए समर्पित माना जाता है। अज्ञानता के अंधकार को मिटाने का पर्व है गुरु पूर्णिमा। गुरु केवल शिक्षा देने वाला व्यक्ति नहीं होता बल्कि वह जीवन को सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक होता है। यह दिन महर्षि वेद ब्यास की जयंती के रूप में भी प्रसिद्ध है। गुरु पूर्णिमा धार्मिक पर्व के साथ भारतीय संस्कृति शिक्षा और आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, ललिता यादव, त्रिभुवन साहू सहित शाला के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### मदनपुर में गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं व्यास पूजन

**लखराम।** ग्राम मदनपुर में गुरु पूर्णिमा उत्सव एवं व्यास पूजन अत्यंत धूमधाम से बालकृष्ण सेवा आश्रम शिक्षा समिति द्वारा संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल कॉलोनी चौक मदनपुर में मनाया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना की गई। बच्चों द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि जागेश्वर प्रसाद साहू रिटायर्ड शिक्षक, वरिष्ठ अतिथि खरे, सदानंद, उपसरपंच मदनपुर रूपेश साहू, भागीरथी साहू उपस्थित रहे। संस्कार पब्लिक स्कूल के शिक्षक एवं शिंक्षिकाओ का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम पर मदनपुर के नागरिक शंभू प्रसाद साहू, राजेंद्र साहू, देवी प्रसाद साहू, पुरुषोत्तम साहू, गोपाल साहू, गोविंद साहू, अमित साहू, एवं राजकुमार साहू उपस्थित रहे।




### गुरू परंपरा के आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरु पूर्णिमा पर बड़े बाजार स्थित संत रविदास मंदिर में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संत रविदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु समाज को ज्ञान, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा प्रदान करते हैं। गुरु पूर्णिमा हमें अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह ठाकुर, कार्यक्रम संयोजक कृष्णकुमार साहू, नेता प्रतिपक्ष कोमल ठाकुर, गुलजीत खुराना, लव पांडेय, इस्लाम अंसारी, शिव देवांगन, कैलाश देवांगन, रामू सेमर सहित सामाजिक जन एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थितजनों ने गुरु परंपरा के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता, सेवा और संस्कारों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



### भाजपा ने 650 दीप जलाकर मनाई संत रविदास की जयंती

**पथरिया।** गुरु पूर्णिमा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में संत गुरु रविदास महाराज की 650 वी जयंती पर पथरिया मण्डल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेहर समाज भवन में आयोजित कार्यक्रम में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। वही 650 दीप प्रज्वलित किए गए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज के विचार आज जन-जन तक पहुंच रहे है, हम भाग्यशाली है कि ऐसे संत हमारी मातृभूमि में जन्म लिए। वही भाजपा मुंगेली जिला विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रघुनंदन कर्माकर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संत शिरोमणि संत रविदास महाराज के 650 वी जयंती पर 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक देशभर के प्रत्येक जगह पर समरसता संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् जिला संरक्षक भैयालाल परिहार, मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद साहु, जिला मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा बबिता सोनवानी, विहिप पथरिया संयोजक गौतम डड़सेना, योगानंद साहू, अजय यादव, मेहर समाज से रतिराम सोनवानी, पंडित सिताराम कर्माकर, पंडित रामकुमार कर्माकर, जनकराम लहरे, हरीश सोनवानी, भिखम चंद रावते, बृजमोहन सोनवानी, महेश कर्माकर, नानु, हिरा सोनवानी, आसा सोनवानी, उर्मिला पठारो, भागमती, पिंकी सोनवानी सहित अन्य उपस्थित रहे।



30 JULY -BSP- pg-6-0_Layout 1 7/31/2026 1:21 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### कोयले की हेराफेरी, फरार वाहन मालिक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** परिवहन कोयले की हेराफेरी करने के मामले में फरार वाहन मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री पुलिस के अनुसार पूर्व में आशीष केसरी द्वारा एसईसीएल रामपुर से दो ट्रक में कोयला लोड कर ब्रज आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड भेजा गया था। रास्त में ड्राइवरों ने कोलडिपो संचालक से सांठगांठ कर कुछ मात्रा में कोयला बेचकर मिलावटी कोयला गाड़ी में भर दिया था। उक्त मामले में फरार चल रहे वाहन मालिक बिल्हा पेण्डरवा निवासी विकास साहू पिता सत्यप्रकाश साहू 24 साल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### लेनदेन के विवाद में हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लेनदेन के विवाद में ग्रामीण की हत्या करने वाले दो



युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा पुलिस के अनुसार, 29 जुलाई की रात रात 9 बजे खुरदूर निवासी सिदेशी बघेल पिता कार्तिकराम बघेल 42 साल को लेने देने के विवाद में विकास किराना स्टोर के पास निखिल यादव पिता बेदराम यादव 23 साल कलारतराई कोटा, अंकुश रजक पिता भागवत रजक 22 साल खुरदूर निवासी ने बांस के डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दिया था। पुलिस ने 30 जुलाई को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पेड़ पर चढ़ा चरवाहा एचटी लाइन की चपेट में आया, मौत

**बिलासपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र में



गुरुवार सुबह एक हादसे में करंट लगने से बकरी चराने गए एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। टीआई निलेश पांडेय ने बताया कि रतनपुर के वार्ड 8 निवासी पुन्नी धीवर 40 वर्ष पिता संतराम धीवर गुरुवार को रोज की तरह सुबह बकरियां चराने रतनपुर के मेलाभाटा ग्राउंड की ओर गया था। इसी दौरान वे बकरियों के लिए पेड़ से पत्तियां तोड़ रहे थे पेड़ की लंबाई अधिक होने के कारण बांस के डंडे का उपयोग, जिसके ऊपरी सिरे पर लोहे का हंसिया लगा गया था। पेड़ के पास से ही 33 केवी का हाईटेंशन बिजली तार गुजर रहा था। पत्तियां तोड़ने के दौरान लोहे का हंसिया हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे तेज करंट प्रवाहित हुआ और पुन्नी धीवर गंभीर रूप से झुलसकर मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें रतनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बीमारी व भगदड़ से गायों की मौत** | **नगर निगम और वेडनरी डिपार्टमेंट की टीम गोठान पहुंची**

# नगर निगम के मोपका गोठान में 6 गायों की मौत से मचा हड़कंप, सामने आई लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के मोपका स्थित मॉडल गोठान में एक साथ 6 गायों की मौत से गुरुवार को हड़कंप मच गया। इन गायों की मौत ने गोठान में व्यवस्था की पोल खोल दी है, वहीं लापरवाही सामने आई है। सूचना मिलते ही गौ सेवा आयोग जिला समिति अध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे ने गोठान का दौरा किया, वहीं निगम और वेडनरी डिपार्टमेंट की टीम भी गोठान पहुंच गई।

नगर निगम के मोपका गोठान में एक ही दिन में 6 गायों की मौत की घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया है। गोठान का मंजर काफी दर्दनाक रहा और कुछ-कुछ दूरी पर एक के बाद एक 6 गाय मृत अवस्था में पड़ी थी। ये सारे घुमंतू गोवंश हैं जिन्हें लावारिस हालत में पकड़कर गोठान में लाकर रखा गया था। अचानक हुई इन गायों की मौत ने निगम के गोठान की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है और यहां की लापरवाही भी साफ नजर आ रही है। इन गायों में से कुछ गायों को बीमार बताया जा रहा है और बीमार गायों



को भी सामान्य गौवंश के साथ ठूंस-ठूंसकर कमरों में रखा गया था, वहीं कुछ गायों की मौत आपस में लड़ने और भगदड़ की वजह से गिरकर गायों से दबने की वजह से होना बताया जा रहा है। निगम के गोठान में एक साथ इतनी गायों की मौत से निगम से लेकर प्रशासन तक हडकंप मच गया है। सूचना मिलने के बाद नगर निगम और वेडनरी डिपार्टमेंट की टीम और अधिकारी गोठान पहुंचे।



### दोषियों पर तत्काल कार्रवाई होः दुबे

गौसेवा आयोग जिला समिति के अध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे ने बताया कि मोपका पशु आश्रय स्थल में अव्यवस्था की जानकारी मिली थी इसलिए आज औचक निरीक्षण करने पहुंचा, जहां मुझे 6 गोवंश मृत अवस्था में पड़े मिले। इस पर मैने कलेक्टर और निगम आयुक्त को इससे अवगत कराया और पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त संचालक को भी जानकारी दी। श्री दुबे ने बताया कि पश आश्रय स्थल पर जो व्यवस्था में लगे हुए लोग हैं उनकी लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना कार्य से पशुधन की क्षति हुई है। यहां पर पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारी-अधिकारी सदस्य हैं उनकी अनियमितता की वजह से गौवंश की क्षति हुई है। इस घटना के लिए जो भी दोषी व्यक्ति हो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए।

### ठूंस-ठूंसकर रखे गए क्षमता से अधिक मवेशी

नगर निगम के मोपका स्थित गोठान में लगभग 300 गायों को रखा गया है। ये सब घुमंतू और लावारिस हालत में सड़कों, बाजारों आदि से पकड़कर गोठान में लाए गए हैं। इन गोवंशों को गोठान के 5-6 कमरों में ठूंस-ठूंसकर रखा गया था। इन कमरों की क्षमता लगभग 50 गायों की है, जबकि एक-एक कमरे में 75-75 गायओं को भर दिया गया था। बारिश के कारण इन गायों को कमरों से बाहर भी नहीं निकाला गया था। यहां तक बीमार बताए जा रहे गायों को भी इन्हीं गायों की झुंड के बीच रखा गया था। इस तरह क्षमता से अधिक गायों को कमरों में रखा गया था और जब भगदड़ हुई तो उनमें कुछ गायें नीचे गिर गई और अन्य गायों से दबने से उनकी मौत हो गई।

### निरीक्षण दौरान नाराज हुए गौ सेवा समित अध्यक्ष

गौ सेवा आयोग जिला समिति के अध्यक्ष धीरेन्द्र दुबे मोपका गोठान का आज निरीक्षण करने पहुंचे और उन्होंने 6 गायों की मौत पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त से फोन पर चर्चा करते हुए व्यवस्था सुधारने की बात कही। श्री दुबे को पिछले कुछ समय से मोपका शहरी गोठान में मवेशियों की मौत और अव्यवस्थाओं की शिकायत मिल रही थी। आज जब वे गोठान निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां शेड के नीचे मवेशियों के झुंड के बीच 6 गाय मृत पड़े थे। यह देखकर श्री दुबे ने डयूटीरत कर्मचारियों पर खासे नाराज हुए।

### रिपोर्ट ली जाएगी

मोपका गोठान में 6 गायों की मौत हुई है। इनमें से तीन गाय बीमार थीं और दो गाय की आपस में लड़ने की वजह से मौत होना पता चला है। निगम के अधिकारी और वेडनरी डिपार्टमेंट की टीम गोठान गई है उनसे पूरी रिपोर्ट ली जाएगी, उसके अनुसार आगे कार्यवाही होगी।

-प्रकाश सर्वे,
आयुक्त, नगर निगम

**शहर के निजी अस्पताल प्रबंधनों की कारगुजारियों को लेकर मचा हंगामा**

# किसी अस्पताल ने शव नहीं दिया तो किसी ने थमाया लाखों का बिल

**बिलासपुर।** गुरुवार को शहर के तीन निजी अस्पताल प्रबंधनों द्वारा अलग-अलग मामलों में की गई कथित ज्यादती को लेकर जमकर हंगमा मचा। एक मामले में अस्पताल प्रबंधन ने आदिवासी महिला का शव नहीं सौंपा जिससे जमकर विवाद हुआ और कांग्रेस नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। दूसरे मामले में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद महिला के पेट में धागा मिला। वहीं तीसरे मामले में एक निजी अस्पताल में पहले मृतक के परिजन को 4 लाख रुपए का बिल थमा दिया गया। विवाद के बाद उसे कम किया गया। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल प्रबंधनों को नोटिस दिया है।

## शव को अस्पताल संचालक ने बनाया बंधक

इलाज के दौरान एक आदिवासी महिला की मौत के बाद उसके शव को अस्पताल में रोके और बिना रूपए जमा किए शव नहीं देने का मामला तूल पकड़ लिया है। गुरूवार को कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा मचाया, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया है। स्वास्थ्य विभाग ने रात में ही पीएम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है,कोरिया जिले की निवासी 47 वर्षीय तिलबसिया बाई पति जगन्नाथ को 25 जुलाई को उपचार के लिए हरिओम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। पेड़ से गिरने की वजह से वह बुरी



मृतका।

■ हरिओम हॉस्पिटल का मामला

तरह से घायल थी। उपचार के दौरान 29 जुलाई की सुबह उनकी मौत हो गई। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने इलाज का बिल जमा नहीं करने पर शव को 24 घंटे से अधिक समय तक अस्पताल में रोके रखा। इसकी जानकारी कांग्रेसी नेता विजय केशरवानी को सांसद ज्योत्सना महंत से मिली, अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग की, अस्पताल में जमकर हंगामा मचता रहा, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार प्रबंधन ने बताया कि 28 तारीख को मरीज के भर्ती होने के बाद परिवार का कोई सदस्य अस्पताल में मौजूद नहीं था, प्रबंधन ने तोरवा थाने को 28 व 29 जुलाई को इसकी सूचना दी थी लेकिन परिजन नहीं पहुंचे थे, उन्हें शव को रखने के लिए डीप फ्रीजर मंगवाना पड़ा है। अस्पताल प्रबंधन ने स्वीकार किया कि इलाज के दौरान करीब 84 हजार रुपये का बिल बना था, परिजनों ने केवल 5 हजार रुपये जमा कराए थे।



अस्पताल प्रबंधन से चर्चा करते कांग्रेसी नेता।

### शिकायत पुलिस से लेकिन शव को कब्जे में रखा

आरोप है कि महिला की मृत्यु होने पर शव को तत्काल सरकारी अस्पताल की मर्च्युरी में भेजने के बजाए अस्पताल प्रबंधन बिल भुगतान की राह देखता रहा है, जिससे 24 घंटे से अधिक देर तक शव कब्जे में रखा गया है। वहीं परिजनों का कहना है कि मरीज को भर्ती करने के समय 21 हजार रूपए का भुगतान किया गया था और बाकी की रकम के लिए वे अपने घर गए थे।

### पंचनामा के बैगर शव नहीं

डॉ. अभिषेक कश्यप ने कहा है कि मामला मेडिको-लीगल केस है। शव परिजनों को सीधे नहीं सौंपा जा सकता था, पुलिस को समय पर सूचना दे दी गई थी और पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही शव को पीएम के लिए भेजना होता है। अस्पताल प्रबंधन ने परिजन से संपर्क करने का प्रयास किया था।

### मजिस्ट्रियल जांच की मांग

शव को बंधक बनाने के मामले में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टरएवं एसएसपी से मिलकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर करने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि परिजनों ने 21,780 रूपए जमा किए गए लेकिन अस्पताल ने 84,700 की मांग की है और शव देने से मना किया है। इस दौरान अस्पताल ने आयुष्मान योजना के तहत भी दावा स्वीकार नहीं किया है। शव रखने के लिए मरच्यूरी सुविधा नहीं होने पर कांग्रेसियों ने अस्पताल को आड़े हाथो लिया है। प्रतिनिधिमंडल ने इस कृत्य को मानवीय गरिमा, स्वास्थ्य मानकों और प्रशासनिक दायित्वों के विपरीत बताया है।

### दिया गया है नोटिस

हमें सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन और पीड़ित परिवार से बात की है, परिवार के सदस्यो को सुबह 10 बजे बुलाया गया था, शाम को आए, लेकिन कथन लेकर जांच की जा रही है। अस्पताल को नोटिस जारी किया गया है।

-डॉ शुभा गरेवाल, सीएमएचओ,
स्वास्थ्य विभाग

## डिलीवरी के डेढ़ माह बाद महिला के पेट में हुआ दर्द, अपोलो में दोबारा आपरेशन

सिजेरियन डिलीवरी के बाद स्वास्थ्य बिगड़ने पर अपोलो में इलाज करने पहुंची पीड़ित महिला के पेट में सर्जिकल धागा मिलने का मामला सामने आया है, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गई है, हालांकि स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि सी-सेक्शन के बाद ऐसी स्थिति सामान्य तौर पर देखी जाती है, लेकिन शिकायतों के बाद मामला तूल पकड़ने लगा है।

■ पेंडलवार अस्पताल का मामला

बताया जा रहा है कि ग्राम बिजौर रेखा सूर्यवंशी पति शक्ति लाल सूर्यवंशी ने जून को पेंडलवार नर्सिंग होम में डिलीवरी का आपरेशन कराया था। डाक्टरों ने सिजरियन ऑपरेशन कर प्रसव कराया, लेकिन डिलीवरी के बाद से ही पीड़िता को स्वास्थ्यग्रत कारणों से परेशान होना पड़ा और पेंडलवार अस्पताल प्रबंधन इसे सामान्य दर्द बताकर लौटा दिया था।आखिरकार उससे अपोलो अस्पताल के डाक्टरों से संपर्क किया। डाक्टरों ने पहले महिला का अल्ट्रा साउंड कराया जिसमें पेट में सर्जिकल धागे की गुच्छा दिखाई दिया। महिला को असहनीय पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद अपोलो में दोबारा आपरेशन किया गया है। जिसके बाद महिला की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### महिला की जान जोखिम में थी

पीड़ित पक्षों का कहना है कि प्रसव के बाद से ही महिला की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा था। दर्द में राहत न मिलने और स्थिति गंभीर होने पर ही रेखा सूर्यवंशी को अपोलो अस्पताल ले जाया गया था। डॉक्टरों ने सोनोग्राफी व अन्य जरूरी जांचें की और पेट के अंदर सर्जिकल धागा होने की बात सामने आई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सर्जिकल धागा 60 से 90 दिनों में स्वतः ही गल कर बाहर हो जाता है। कई बार सिजरियन आपरेशन में कई दिक्कतें आती हैं, इस मामले में भी यहां होने की बात सामने आई है।

### लाइसेंस रद्द करने की मांग,सीएमएचओ ने दिया नोटिस

आक्रोशित पीड़ित परिवार ने डॉ. शुभा गरेवाल से मुलाकात की है, शिकायत में पीड़ित पति ने पेंडलवार नर्सिंग होम के डॉक्टर एवं प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नर्सिंग होम का लाइसेंस निरस्त करने और मुआवजे की मांग की है। सीएमएचओ ने मामले में अस्पताल को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

### नोटिस दिया गया है

शिकायत की गई है, जिस पर संबंधितों को नोटिस दे दिया गया है। कई बार सिजेरियन डिलीवर के बाद कई तरह के एतिहात बरतने होते है, जिसमें लापरवाही हो सकती है। अपोलो के डाक्टरों से भी इस संबंध में जानकारी मांगी गई है।

-डा शुभा गरेवाल
सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

## पहले थमाया साढ़े 4 लाख का बिल, विवाद के बाद सवा 2 लाख में समझौता

नगर निगम कर्मी की एलाइट हॉस्पिटल में मौत के बाद प्रबंधन पर गंभीर आरोप लग रहे हैं, जहां अस्पताल प्रबंधन में पहले 4.60 लाख का बिल थमा दिया था, वही 18 घंटे के इलाज के बदले मांगे जाने वाले इतनी बड़ी रकम को लेकर परिजनों ने विरोध किया। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने महज सवा 2 लाख ले कर शव को परिजन को सौप दिया था, इस मामले में सीएमएचओ ने स्वतः संज्ञान लिया है।

■ एलाइट हॉस्पिटल का मामला

शहर के एलाइट हॉस्पिटल में इलाज और बिलिंग को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। गोंड़पारा सुभाष नगर निवासी और नगर निगम में कंप्यूटर ऑपरेटर संजय मिश्रा (55) की अस्पताल में भर्ती के दौरान मौत हो गई थी, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने महज 18 घंटे के इलाज के लिए परिजनों को 4.60 लाख रुपए का बिल थमा दिया। परिजनों ने विरोध किया और आइटमाइज्ड बिल मांगा, जिसके बाद के हाथ पैर फलने लगे और विरोध बढ़ता देख बिल घटाकर 2.25 लाख रुपए कर दिया गया। मामले को स्वास्थ्य विभाग ने स्वतः संज्ञान लिया है और अस्पताल को नोटिस देने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि मामले में पीड़ित पक्ष से कोई शिकायत नही मिली है।

### सीने में दर्द के बाद किया गया भर्ती

परिजनों के मुताबिक, संजय मिश्रा को सीने में तकलीफ होने पर मंगलवार को दोपहर करीब 3 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह करीब 10 बजे उनकी मौत हो गई।

### याद-ए-रफी संगीत समारोह 1 को

**बिलासपुर।** संस्था कला संगम सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में स्व. आलेख वर्मा की स्मृति में शनिवार 1 अगस्त को रात्रि 7. 30 बजे राघवेंद्र राव सभा भवन में सुप्रसिद्ध पाश्वर्गायक मोहम्मद रफी की मधुर स्मृतियों को समर्पित भव्य संगीत संध्या यादें रफी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इसी वर्ष दिवंगत पार्श्व गायिकाएं आशा भोसले और सुमन कल्याणपुर को भी श्रद्धांजलि दी जाएगी। संस्था से अब्दुल अलीम और गिरीश त्रिवेदी ने बताया कि नगर विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

**नगर निगम ने बनाई कमेटी** | **नए सिरे से होगा दुकानों का मूल्य निर्धारण**

## इमलीपारा कामप्लेक्स की दुकानों का नए सिरे से होगा आबंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित इमलीपारा स्थित दोमंजिला व्यावसायिक काम्पलेक्स के दुकानों के आबंटन के लिए नई नीति तैयार की जा रही है। इसके लिए नगर निगम की ओर से एक कमेटी भी बनाई गई है। नई व्यवस्थापन नीति के तहत ही इन दुकानों की कीमत, किराया निर्धारण होगा और आबंटन प्रक्रिया होगी।

इमलीपारा में व्यावसायिक काम्पलेक्स का निर्माण हुए सालभर हो गया है और सालभर से इस दोमंजिला काम्पलेक्स की दुकाने खाली व बंद पड़ी हुई है। पहले काम्पलेक्स का निर्माण पूरा हो गया और दुकानें बनकर तैयार हो गई तो वहां पर बिजली, पानी आदि की सुविधा नहीं थी, किन्तु अब वहां पर ट्रांसफार्मर लग गया है और बिजली, पानी की व्यवस्था भी हो चुकी है। लेकिन उसके बाद भी दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है। इमलीपारा स्थित काम्पलेक्स में कुल 66 दुकानें ऊपर और नीचे मिलाकर है। दुकानें खाली पड़े रहने के कारण इसका घाटा नगर निगम को ही उठाना पड़ रहा है, क्योंकि सालभर में किराया राशि से निगम को काफी आय हो सकता था। अब इन दुकानों का आबंटन नए सिरे से होगा, जिसके लिए नगर निगम द्वारा एक कमेटी बना दी गई है। यह कमेटी शासन का जो व्यवस्थापन नीति आया है उसके अनुसार दुकानों के लिए नियम बनाएगी। इस नए नियम के तहत ही दुकानों का मूल्य, किराया निर्धारण किया जाएगा और उसके अनुसार ही दुकानों का आगे आबंटन होगा। इसलिए ये दुकानें अभी कुछ और दिनों तक ऐसी ही बंद पड़ी रहेगी।



### हटाई गई थी 87 दुकानें

इमलीपारा में व्यवसायिक काम्पलेक्स निर्माण और चौड़ी सड़क के लिए यहां पर वर्षो से स्थित पुरानी दुकानों का हटवाया गया है। 87 दुकानदारों को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किया गया था और बाद में कार्रवाई करते हुए दुकानों को तोड़ा गया था। इसका वहां के व्यापारियों ने उस समय काफी विरोध भी किया था।

### बनाई जा रही है नीति

इमलीपारा स्थित नवनिर्मित व्यावसायिक काम्पलेक्स के दुकानों का आबंटन नहीं हो पाया है। शासन से नया व्यवस्थापन नीति आई है, उसके अनुसार नगर निगम में नीति बनाई जा रही है। नई नीति के तहत दुकानों का आगे आबंटन प्रक्रिया होगा।

-खजांची कुम्हार
अपर आयुक्त, नगर निगम

